10 विराट कोहली...



12 अदा शर्मा...



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, गुरुवार, 13 मार्च 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -264 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**मनोज कुमार चौरसिया**
**अंचलाधिकारी पतरातू**

**सफलता का सबसे बड़ा रहस्य है आपके अंदर उत्साह, संघर्ष की इच्छा और सहनशीलता।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **80,700**
चांदी (प्रति किलो) : **1,02,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **74,029.76**
निफ्टी :- **22,470.50**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **34** °
न्यूनतम तापमान : **21** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:59**
संध्या :- **17:57**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1781 को जर्मन में जन्मे खगोलशास्त्री और संगीतकार विलियम हर्शल ने यूरेनस ग्रह की खोज की, जबकि बाथ, समरसेट में अपने घर के बगीचे में, यह सोचते हुए कि यह एक धूमकेतु है।**

# कैबिनेट : पावर सेक्टर को भेजे जाने वाले कोयला पर रॉयल्टी के नियम में सुधार

## कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्तावों पर लगी मुहर, उत्पाद सिपाही के अभ्यर्थियों को अब दौड़ना होगा सिर्फ 16 सौ मीटर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** झारखंड सरकार ने पावर सेक्टर को भेजे जाने वाले कोयला पर रॉयल्टी के नियम में सुधार किया है. इसके तहत कोयला खनिज के विक्रय मूल्य का 14% रॉयल्टी मद में राज्य सरकार को प्राप्त होगा. कोयला खनिज पर रॉयल्टी की वसूली खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा की जाएगी. इसके लिए निर्धारित मूल्य के आधार पर श्रेणीवार स्वामिस्व (रॉयल्टी) की वसूली की जाएगी. अन्य क्षेत्रों में कोयला की बिक्री नीलामी के माध्यम से की जाएगी. इसके लिए कोयला के इनवॉइस के आधार पर रॉयल्टी की वसूली की जाएगी.

**खनिजों पर बढ़ा सेस**

झारखंड खनिज आधारित भूमि उपकर विधेयक-2024 राज्य में 11 अक्टूबर को ही पारित हो गया था. अब आकलन पूरा होने के बाद दरों में संशोधन किया गया है. कैबिनेट की मंजूरी मिली है. राज्य सरकार ने खनिज धारित भूमि पर सेस से ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक वसूलने का लक्ष्य रखा है.




### सेस की नई दरें

कोयला और लौह अयस्क धारित भूमि पर सेस की दर 100 रुपये प्रति मीट्रिक टन से बढ़ाकर 250 रुपये प्रति मीट्रिक टन की जाएगी

लौह अयस्क पर सेस की दर 100 रुपये प्रति मीट्रिक टन से बढ़ाकर 450 रुपये प्रति मीट्रिक टन की जाएगी.

बॉक्साइट धारित भूमि पर सेस की दर 70 रुपये प्रति मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 रुपये प्रति मीट्रिक टन की जाएगी.

लाइम स्टोन धारित भूमि पर सेस की दर 50 रुपये प्रति मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 रुपये प्रति मीट्रिक टन की जाएगी.

इसके अलावा, 23 अन्य खनिजों पर सेस की दर अलग रखी गई है.

**सिकनी के खनन पट्टा को मिला विस्तार**

सिकनी कोलियरी में 137 एकड़ खनिज पट्टा को विस्तार. इसमें जेएसएमडीसी 410.75 एकड़ में से 133.47 एकड़ में खनिज खनन पट्टा को अवधि विस्तार मिला है.

### कैबिनेट के अन्य फैसले

* स्वर्गीय भगत चरण महान्ती, भूतपूर्व पदचर की सेवा नियमित एवं सम्पुष्ट किये जाने तथा उनकी पुत्री प्रिया महान्ती को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त किए जाने की स्वीकृति दी गई.

* श्री हसनैन अख्तर की सेवा नियमित एवं सम्पुष्ट करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गई.

* देवनारायण सिंह, सेवानिवृत लिपिक की सेवा नियमित एवं सम्पुष्ट किये जाने एवं अनुमान्य वित्तीय लाभ दिए जाने की स्वीकृति दी गई.

* राज्य सरकार द्वारा माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के लिए नियुक्त विधि पदाधिकारियों एवं उनके एसोसिएड काउंसिल के द्वारा झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची के अतिरिक्त मुख्यालय के अंदर किसी अन्य न्यायालय अथवा न्यायाधिकरण में पैरवी करने हेतु शुल्क निर्धारण की स्वीकृति दी गई.

* झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 की धारा-26 के अन्तर्गत अपर न्यायायुक्त-1, रांची के न्यायालय को विशेष न्यायालय पदभिहित करने की स्वीकृति दी गई.

* झारखण्ड सम्पूर्ण बिजली आच्छादन योजना अन्तर्गत शेष बचे हुए कार्यों को पूर्ण करने हेतु मार्च, 2025 तक योजना के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई.

* श्री अरविन्द कुमार बलदेव प्रसाद, मुख्य विद्युत अभियंता के सचिव प्रावैधिक ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, राँची को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची के परिपत्र-354 (10), दिनांक- 15.09.2006 की कंडिका-02 एवं 03 को क्षांत करते हुए अपोलो प्रोटोन कैंसर सेन्टर, चेन्नई में कैंसर) की कराये गए चिकित्सा में हुए व्यय 28 लाख के प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई.

* राधेश्याम मांझी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, गोड्डा सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चाईबासा के द्वारा विभागीय अधिसूचना संख्या-3868 (एस), दिनांक 10.12.2021 द्वारा अधिरोपित दण्ड संचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि पर रोक के विरूद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन को आंशिक रूप से स्वीकृत करते हुए अधिरोपित दण्ड के परिमार्जन की स्वीकृति दी गई.

* स्व० नागेन्द्र कुमार सिन्हा, भा.प्र.से., (झा:2011), तत्कालीन उप विकास आयुक्त, रामगढ को विशेष परिस्थिति में दिनांक- 23.05.2023 को एयर एम्बुलेन्स द्वारा राँची से हैदराबाद ले जाने एवं उस पर हुए व्यय रू0- 14,52,000 (चौदह लाख बावन हजार रुपए) मात्र की प्रतिपूर्ति की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान करने की स्वीकृति दी गई.

* जल संसाधन विभाग अंतर्गत विशेष भू-अर्जन एवं पुनर्वास कार्यालयों के छटनीग्रस्त सेवारत कर्मियों की सेवा समाप्ति एवं पुनर्बहाली के बीच की अवधि के सेवा विनियमन एवं वेतन भुगतान हेतु विभागीय संकल्प सं0-625 दिनांक- 29.01.2019 द्वारा लिए गए निर्णय की कंडिका-4 के क्रमांक-7 में अंकित श्री विजय राम, जंजीरवाहक एवं क्रमांक-13 में अंकित श्री अमीर लाल पासवान, जंजीरवाहक से संबंधित आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी गई.

* षष्ठम झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र, 2025 में माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा दिये गये अभिभाषण पर मंत्रिपरिषद की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.

* नन्द कुमार राम, तदेन प्रभारी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार सम्प्रति सेवानिवृत के द्वारा विभागीय अधिसूचना संख्या-2738 (एस), दिनांक 30.05.2023 के द्वारा अधिरोपित दण्ड ह्लपेंशन से 25 प्रतिशत राशि की स्थायी कटौतीह्न के विरूद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन के निस्तार की स्वीकृति दी गई.

* उत्तरवर्ती बिहार एवं झारखण्ड राज्य स्थित एकीकृत बिहार पंचायत राज वित्त निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतनादि के भुगतान की स्वीकृति दी गई.

* लालबियक्तलुवांगा खियांग्ते, सेवानिवृत्त भा०प्र०से० को झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची में अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किए जाने के उपरांत घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई.

# प्रधानमंत्री मोदी मॉरीशस के दो दिवसीय दौरे के बाद पोर्ट लुईस से स्वदेश रवाना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बुधवार को मॉरीशस के दो दिवसीय राजकीय दौरे के बाद पोर्ट लुईस से स्वदेश के लिए रवाना हो गये. मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम उन्हें विदा करने हवाई अड्डे पर पहुंचे थे. इससे पहले दिन में पीएम मोदी ने मॉरीशस के गंगा तालाब( ग्रैंड बेसिन)पर पूजा-अर्चना की. वहां त्रिवेणी संगम( प्रयागराज महाकुंभ) का पवित्र जल विसर्जित किया.

**मॉरीशस के सर्वोच्च सम्मान पर पीएम का ट्वीट**

पीएम मोदी ने अपने मॉरीशस दौरे को लेकर ऐक्स पर पोस्ट किया. उन्होंने लिखा ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, और वह भी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर.

**मॉरीशस-भारत संबंध रणनीतिक साझेदारी में विकसित हुए**

विदेश मंत्रालय ने कहा, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम, जीसीएसके, एफआरसीपी और भारत के पीएम मोदी ने 11 से 12 मार्च तक मॉरीशस की राजकीय यात्रा के दौरान मॉरीशस और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण दायरे पर व्यापक और उपयोगी चर्चा की. कहा कि 11 मार्च 2025 को आयोजित द्विपक्षीय बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने पुष्टि की कि मॉरीशस और भारत के बीच एक विशेष और अद्वितीय संबंध है जो इतिहास, भाषा, संस्कृति, विरासत, रिश्तेदारी और मूल्यों के साझा बंधनों को देखते हुए अद्वितीय है. भारतीय नौसेना के दुर्जेय विध्वंसक पोत आईएनएस इंफाल ने मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के मौके पर स्थानीय लोगों के लिए अपने डेक खोले. जानकारी दी गयी कि आईएनएस इंफाल 14 मार्च तक स्थानीय लोगों के लिए खुला रहेगा. यह 10 मार्च को पोर्ट लुईस पहुंचा था और यहां राष्ट्रीय दिवस परेड में भाग लिया था.



# पर्व-त्योहारों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें : हेमंत

## झारखंड मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीएम ने दिया निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी सहित अन्य त्योहारों के दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाये। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में, आपसी प्रेम और सौहार्द्र के साथ मनाया जाना चाहिए। बुधवार को झारखंड मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव या विवाद उत्पन्न न हो। पुलिस को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश देते हुए उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिह्नित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़-भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें और शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्व-त्योहारों के समय सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने अपराध नियंत्रण को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अभियान एवी होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।




### मुख्यमंत्री ने ये दिये निर्देश

- आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।
- विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी/बलों की उपलब्धता एवं प्रतिनियुक्ति करें।
- धार्मिक स्थलों के आस-पास की सुरक्षात्मक कार्रवाई और सीसीटीवी का लगाने एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की व्यवस्था की जाये।
- जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें।
- जुलूस मार्गों में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों और अन्य संवेदनशील स्थानों में दंडाधिकारी-बलों की प्रतिनियुक्ति एवं विडियोग्राफी-ड्रोन के जरिये एरियल सर्विलांस की व्यवस्था सुनिश्चित करने।
- जुलूस के साथ दंडाधिकारी-बलों की प्रतिनियुक्ति एवं क्यूआरटी की व्यवस्था करने।
- जुलूस मार्गों में लगातार प्रकाश और लाउड स्पीकर की व्यवस्था करने।
- संयुक्त नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन योजना सुनिश्चित करने।
- जिला स्तरीय थाना की ओर से शांति समिति की बैठक करने।
- जिलों में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों, दंगा रोधी वाहन, वॉटर केनन की उपलब्धता का सत्यापन और एंटी रॉयट कंट्रोल ड्रील की व्यवस्था करने।

## संक्षिप्त समाचार

### अमन साव गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

रांची। झारखंड की राजधानी रांची की पुलिस ने अमन साव गैंग के तीन अपराधियों को बीती रात गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सिकिदरी थाना क्षेत्र के अजय सिंह, रातू थाना क्षेत्र के समीर कुमार बागची उर्फ कुल्लू बंगाली और मांडर थाना क्षेत्र के वसीम अंसारी शामिल हैं। इनके पास से एक पिस्टल, मैग्जीन, दो गोली, दो देसी कट्टा, दो गोली और एक बाइक बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि सात मार्च को कोयला व्यवसायी विपिन मिश्रा के ऊपर फायरिंग की गयी थी। इसके बाद रांची पुलिस ने कई टीमों का गठन कर संगठित अपराधियों के खिलाफ एक साथ सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अमन साव गैंग के तीन सदस्यों को अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली के साथ पकड़ा गया है, पकड़े गये सभी अपराधकर्मियों का पूर्व अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि अजय सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में 14 से अधिक मामले दर्ज हैं। जबकि समीर कुमार बागची उर्फ कुल्लू बंगाली पर पूर्व से तीन से अधिक मामले दर्ज हैं। वसीम अंसारी पे० जमरूद्दीन अंसारी के खिलाफ विभिन्न थानों में चार मामले दर्ज हैं।

### रांची नगर निगम का पोर्टल एक हफ्ते से ठप

रांची। नगर निगम की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ रही है. पिछले एक सप्ताह से रांची नगर निगम का पोर्टल ठप पड़ा है, जिससे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहा है. इस तकनीकी खामी के चलते लोग लगातार नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है. जब इस मुद्दे पर नगर निगम के सहायक प्रशासक मुकेश कुमार रंजन से सवाल किया गया तो उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले एक सप्ताह से पोर्टल में समस्याएं हो रही है.









## अवैध खनन कर जमा किया गया कोयला

# गोला के बड़काजारा से हो रहा है कोयला का अवैध कारोबार कोयले की कटाई के लिए खदान में लगाया गया है पोकलेन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रामगढ़/गोला।** गोला थाना क्षेत्र के बड़काजारा में कोयला का अवैध कारोबार व्यापक रूप से किया जा रहा है। कोयला तस्कर प्रत्येक दिन दर्जनों ट्रक व हाईवा से कोयला बाहर के मंडियो में भेजा जा रहा हैं। इन सब के बीच गोला पुलिस मुक दर्शक बनकर देख रही है। बताया जाता है कि बड़काजारा से सटे नदी किनारे कोयला का अवैध खदान है। इस अवैध खदान से पोकलेन के माध्यम से कोयला का कटाई हो रहा है। कोयला को ट्रैक्टर एवं बाइक के माध्यम से जंगलों में डीपो बना कर जमा किया जा रहा है। जमा कोयला को रात के अंधेरों के साथ दिन के उजाले में बेधड़क राज्य के विभिन्न मंडियो व फैक्टरियों में भेजा जा रहा है। इससे सरकार को बड़ी क्षति हो रही है। ट्रकों में कोयला लोड होने के साथ कोयला तस्कर रेकी करने लग जाते हैं। बड़काजारा में कोयला तस्करी के लिए घने जंगलों को हथियार बनाया गया है। कोयला चोर बड़का जारा स्कूल के समीप रेकी के लिए कुछ लोगों को तैनात किया है। जंगल की तरफ आने जाने वाले लोगों की निगरानी यह लोग करते हैं। बताया गया कि उक्त कोयला भंडार के अलावे लड़ना टांड़ के समीप झाड़ियों में एक अलग डिपो बनाया गया है। वहां पर बाइक व साईकिल से कोयला जमा किया जाता है। साथ ही बुतगोड़वा स्थित एक ईंट भाठा में बृहद पैमाने पर कोयले का अवैध कारोबार किया जा रहा है। साथ ही नदी के पश्चिमी छोर पर जानिया मारा के समीप एक अलग अवैध डिपो बनाया गया है। प्रत्तिदिन दर्जनों ट्रक कोयला अवैध ढंग से भेजा जा रहा है। इस धंधे में सफेदपोश के अलावे दबंग किस्म के लोग शामिल हैं। मंगलवार को अवैध कोयला से संबंधित फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसमें कोयला में संलिप्त कई लोगों नाम भी वायरल किया गया है। बताया जाता है कि वर्षों पूर्व इस अंडरग्राउंड खदान से कोयला के अवध उत्खनन में कई मजदूर भी जान गवां चुके हैं।

## बासल थाना में होली एवं ईद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न




**बैठक में मोहिउद्दीन अंसारी ने कहा ईद जितना अजीज है हमें होली भी उतना ही प्यारा है होली**

**मोहिद्दीन अंसारी ने आगे कहा कि वर्षो से हम हिंदू मुस्लिम इन दोनों त्योहारों को मिलजुल कर मानते आए हैं और आगे भी मानते रहेंगे।**

**पतरातू।** वहीं इस बैठक में अंचलाधिकारी पतरातू बासल थाना प्रभारी बासल थाना के जवान एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों को गंभीरता से सुनते हुए उस पर अमल करने की बात कही। मौके पर अंचलाधिकारी पतरातू ने कहा कि आगामी होली जैसे महापर्व एवं मुस्लिम भाइयों के इस बड़े पर्व ईद को शांतिपूर्ण एवं सहार्दपूर्ण तरीके से मनाएँ। क्षेत्र में किसी भी तरह की अप्रिय घटना न होने पाए यह सब की जिम्मेवारी है। मौके पर क्यों अंसारी ने भी मोहिउद्दीन अंसारी किन बातों पर सहमति जताते हुए कहा कि क्षेत्र के सारे हिंदू मुस्लिम एक दूसरे के भाई हैं जैसे हमारे पूर्वज अभी तक इस भाईचारे को निभाते आए हैं इस तरह हम भी भाईचारे को आगे निभाते रहेंगे वहीं बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा लबगा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लालू महतो एवं अन्य लोगों ने इनकी बातों पर सहमति जताते हुए कहा कि हम सभी एक दूसरे से अलग नहीं थे और आगे भी नहीं रहेंगे। हमारे क्षेत्र में माहौल बिल्कुल सौहार्दपूर्ण रहेगा और इन दोनों त्योहारों को हम बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाएंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से शांति समिति की बैठक में कुर्से पंचायत के मुखिया संदीप उराँव के अलावे लबगा का पंचायत के पूर्व मुखिया शिवप्रसाद मुंडा नंदलाल महतो लालू महतो सरस्वती देवी संजय साहू ब्रजकिशोर साहू झारी मुंडा आदित्य नारायण साहू राजेंद्र ठाकुर राजेंद्र बेदिया आदि उपस्थित रहे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए हिमाचल प्रदेश रवाना हुए

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रामगढ़ :** मंगलवार को राधा गोविंद विश्विद्यालय भूगोल विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम सत्र के विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के अनुसार इस वर्ष नौ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए हिमाचल प्रदेश को रवाना हुए। इस क्रम में छात्र-छात्राएं हिमाचल प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों जैसे शिमला, कुल्लू, मनाली, कसोल, सोलंग घाटी, मनिकर्ण और साथ ही दिल्ली का भ्रमण करेंगे। विद्यार्थियों का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की भू-आकृति, बागवानी, नगरीय बसाव, आदिवासी प्रतिरूप, पारिस्थितिक तंत्र और साथ ही वहां के पर्यटन उद्योग और परिवहन संबंधी विशेषताओं को समझना है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा की यह शैक्षणिक भ्रमण आपके लिए एक यादगार और ज्ञानवर्धक अनुभव होगा। संस्था की सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को नए स्थानों और संस्कृतियों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है, जिससे उनका ज्ञान बढ़ता है। विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी (डॉ) संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमारऔर प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण की मंगल यात्रा की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी। मौके पर भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दिल्केश्वर प्रसाद, डॉ रविंद्र पासवान ,बुद्धदेव महतो अक्षय कुमार सोनी एवं छात्र- छात्राएं मौजूद थे।

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड, दो नाबालिग समेत छह गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड किया है. पुलिस ने चोर गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया है. इनमें सुभाष उरांव, भागीरथ कुमार, संतोष लकड़ा, अमन कुमार के अलावा दो नाबालिग भी शामिल हैं. जानकारी के अनुसार, डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी. इसी के आधार पर पुलिस की टीम ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र में छापेमारी की और चोरी की चार बाइक के साथ दो नाबालिग समेत छह को गिरफ़्तार कर लिया. सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है. वहीं गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर एसएसपी डीएसपी हटिया के नेतृत्व में कई टीम का गठन कर छापेमारी की जा रही है.

## जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो ने लगातार झारखंड के ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा में उठा रहे है आवाज




**जयराम कुमार महतो ने विधानसभा अध्यक्ष महोदय के माध्यम से सरकार से मांग किया कि सीएनटी आधारित जमीन की वापसी का किया जाए प्रावधान**

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की पार्टी के सुप्रीमो सह डूमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो ने जमीन संबंधित विवादों को लेकर जोरदार तरीके से विधानसभा में आवाज उठाई है। टाइगर जयराम महतो ने कहा कि आज ईश्वर के लिए, खुदा के लिए, रब के लिए, भगवान के लिए, गोड के लिए जमीन का इतना महत्व है। तो आम जनता के लिए कितना महत्व हो सकता है अध्यक्ष महोदय। मैं आपको यह संज्ञान में देना चाहता हूं। अगर इस राज्य का भ्रमण किया जाए तो आप पाएंगे कि इस राज्य का प्रत्येक दूसरा घर आज जमीन संबंधित विवादों से परेशान है। इसलिए आपके माध्यम से सरकार को सचेत करना चाहता हूं कि आप कम से कम अंचल को दुरुस्त करें। नहीं तो आज हर घर गृहयुद्ध में तब्दील हो जाएगा। समस्या है ऑनलाइन रसीद की, समस्या है मोटेशन की, समस्या है पंजी - टू की। इस राज्य के तमाम आंदोलन चुहाड विद्रोह से लेकर, तमाड विद्रोह से लेकर ,बिरसा मुंडा का आंदोलन भूमि पर आधारित आंदोलन रहा है। उसी के परिणाम स्वरूप इस राज्य में सीएनटी कानून, एसपीटी कानून लागू किया गया। लेकिन आज आप सड़को मे देखेंगे कि आदिवासी समाज के लोग रांची में सरना झंडा गाडकर अपने जमीनों की रक्षा कर रहे हैं। सीएनटी जमीन होने के बाद भी अध्यक्ष महोदय। इसलिए अध्यक्ष महोदय को आपके माध्यम से सरकार से चाहूंगा कि सीएनटी संबंधित जमीन की वापसी का प्रावधान किया जाए।

## रांची नगर निगम ने होली पर सफाई व्यवस्था को लेकर जारी किया आदेश




**रांची :** नगर निगम ने होली उत्सव के मद्देनजर शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिये हैं. इससे संबंधित आदेश नगर निगम के सहायक प्रशासक ने जारी की है. जारी आदेश के अनुसार, सभी मल्टीपरपस सुपरवाइजर, जोनल सुपरवाइजर और अन्य संबंधित अधिकारियों 13 मार्च होलिका दहन से पहले और 14 मार्च को होली के बाद साफ-सफाई और स्वच्छता का ख्याल रखने के लिए कहा गया है. साथ ही सभी अधिकारियों को इन निदेर्शों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है. नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और होली के दौरान सफाई संबंधी नियमों का पालन करें.

## डॉ0 एस0 राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में होली पूर्व मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**होली का त्योहार देता है भाईचारे व एकता का संदेशः संजय कुमार प्रभाकर**



**रामगढ़/चितरपुर।** डॉ० एस० राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी बहुउद्देशीय सभागार में आज बुधवार को होली पूर्व मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहायक प्राध्यापक रागगढ़ महिला महाविद्यालय, रामगढ़ सह मीडिया प्रभारी, राधागोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ डॉ० संजय सिंह, विशिष्ट अतिथि गंजूर खां पूर्व सरपंच एवं प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, सम्मानित सदस्य मनीष मुण्डा तथा प्राचार्य डॉ० सुशील कुमार उपाध्याय, शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षुगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम डॉ० एस० राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्जवलित, पुष्प अर्पित कर, साथ ही कुलगीत एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात सभी शिक्षकगण तथा अतिथियों ने होली में फगुआ का गीत राधा-कृष्ण संवाद, हंसी चुटकुले प्रस्तुत कर रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामना दिए। बी०एड० प्रशिक्षुओं ने शिक्षकों को रंग-गुलाल लगाकर चरण स्पर्श किए क्रमशः स्वागत संबोधन प्राचार्य डॉ सुशील कुमार उपाध्याय तथा धन्यवाद ज्ञापन बी०एड० सहायक प्राध्यापक डॉ० अशोक राम के द्वारा दिया गया। उपस्थित शिक्षकों में मो० परवेज अखतर, इंदु कुमारी झा, सुप्रिया वर्मन मुरारी कुमार दुबे, सुलेखा कुमारी तथा कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, सुश्री श्रेया गुप्ता, बबलु कुमार, इत्यादि मौजूद रहे।

## महादेव मंडा गोला में नारायण मजदूर संघ द्वारा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**रंगों का त्यौहार होली हमें आपसी मतभेद और गिले-शिकवे को भुलाकर प्रेम से मानना है: आरती प्रसाद**




**रामगढ़/गोला।** गोला के महादेव मंडा परिसर में बुधवार को नारायण मजदूर संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में समाजसेवी आरती प्रसाद उपस्थित रही। इस दौरान नारायण मजदूर संघ की मजबूती को लेकर चर्चा करते हुए सभी से एकजुट रहने की अपील की गई। समाजसेवी आरती प्रसाद ने कहा कि सभी लोग एकजुट रहें। तभी आपको हक व अधिकार सहित अन्य लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि रंगों का त्यौहार होली हमें आपसी मतभेद और गिले-शिकवे को भुलाकर प्रेम भावना से मनाना चाहिए। अंत में सबों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण मजदूर संघ के अध्यक्ष रितेश नायक, संचालन कृष्णा चौधरी एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रकाश गोस्वामी ने किया। होली मिलन समारोह में संघ के सुधांशु कुमार, श्रमिक मित्र नीतीश कुमार, कुंदन कुमार, संज्योती देवी, ममता कुमारी, बीणा कुमारी, शीला देवी, सोनाली कुमारी, मनीषा कुमारी, गीता देवी, अभिषेक रजवार, अजय रजवार, गुड़िया देवी, साजन देवी, काजल कुमारी, बेबी देवी, बबली देवी, मुगिया देवी, बाशिनी देवी, हेमंती कुमारी, प्रिया देवी, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, रूबी देवी, लक्ष्मी देवी, आशा देवी, रिंकी देवी, रीता देवी, नीलम कुमारी, सरस्वती देवी, सीता देवी, यशोदा देवी, अमन रजक, अर्जुन राम रजक, वीरेंद्र रजक, लक्ष्मी कुमारी, सरस्वती कुमारी, दया देवी सहित कई लोग शामिल थे।

## त्यौहार मनायें, पर ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो : विधायक



**खूंटी।** होली और रमजान को लेकर बुधवार को तपकारा थाना परिसर में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली सहित अन्य त्यौहार मनायें, पर इस बात का ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता ही हमारी पहचान और यहां की संस्कृति है। एसडीपीओ ने भी लोगों से मिलजुल कर सभी पव मनाने की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने बिजली, पानी और साफ-सफाई को लेकर समुचित व्यवस्था का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में बनायें।थाना पभारी नितेश कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई अफवाह न फैंलायें और कोई ऐसा करता है, तो इसकी सूचना प्रशासन को दें। बैठक में काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही नागरिकों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगारक होली की शुभकामनाएं दी।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ में होली मिलन समारोह का आयोजन धूम-धाम से हुआ

**होली भारतीय संस्कृति एकता का त्योहार है जिसके माध्यम से हमें भाईचारे, आपसी प्रेम तथा सद्भावना की शिक्षा मिलती है: कुलाधिपति बी एन साह**



**रामगढ़:** बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, फूलमती देवी, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार , डॉ संजय सिंह ने विधिवत विन्ध्वासिनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा की होली भारतीय संस्कृति एकता का त्योहार है जिसके माध्यम से हमें भाईचारे, आपसी प्रेम तथा सद्भावना की शिक्षा मिलती है। सचिव प्रियंका कुमारी ने होली के त्यौहार को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताते हुए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर सभी पदाधिकारीगण, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उत्साह के साथ एकत्रित हुए और सभी एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाईयां दीं। विद्यार्थियों ने भी इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जहां उन्होंने पहले अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और फिर एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय परिसर में नृत्य गीत एवं कीर्तन मंडली का भी आयोजन हुआ जिसमें सभी ने हर्षित और उल्लासित होकर के अपना नृत्य प्रस्तुत किया। इसके उपरांत होली की परंपरागत मिठाइयों का वितरण हुआ और सभी ने भोजन का भी आनंद लिया।इस आयोजन में विश्वविद्यालय के सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मतदाता पहचान पत्र के लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द करें डिस्पोजल - के. रवि कुमार

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।






**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सभी आवेदनों को ससमय निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को मतदाता पहचान पत्र पंजिकरण से संबंधित कोई शिकायत न रहे। श्री कुमार आज सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के डाटा इंट्री ऑपरेटरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि मतदाता पहचान पत्र बनाने में जीरो एरर के लक्ष्य से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि विगत के चुनावों में मतदाता सूची के निर्माण एवं मतदाताओं के पंजिकरण के लिए बेहतर कार्य हुए हैं। उस कार्यप्रणाली को अभी भी एक्टिव रखें ताकि ससमय मतदाताओं के समस्याओं का निराकरण होता रहे। उन्होंने एनजीएसपी पोर्टल पर किसी भी मतदाता के शिकायत पेंडिंग न रहे सभी शिकायतों का ससमय निराकरण करते हुए संबंधितों को सूचित करें। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रिम्स निदेशक ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची.** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने मंगलवार को अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया. उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ सर्जरी विभाग, पेइंग वार्ड और कॉटेज को देखा. इमरजेंसी से पेइंग वार्ड और कॉटेज में स्थानांतरित किये गये मरीजों का हालचाल लिया. उनसे रिम्स में मिल रही सुविधाएं और दवा के विषय में जानकारी ली. इसके बाद निदेशक ने रिम्स क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के निमार्णाधीन भवन का भी निरीक्षण किया. कार्यों की जानकारी ली व भवन को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान प्रो हिरेंद्र बिरुआ, डॉ शैलेश त्रिपाठी, डॉ शिव प्रिये व डॉ अजय कुमार मौजूद थे.

**हड़ताली आश्रितों ने दी आत्मदाह की चेतावनी**

रांची. रांची नगर निगम के मृत कर्मियों के आश्रितों की भूख हड़ताल सातवें दिन भी जारी रही. आश्रितों ने बुधवार को आत्मदाह की चेतावनी दी है. कहा कि हमारी मांगों को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है. ऐसा लग रहा है निगम व झारखंड सरकार हमलोगों के मरने के बाद ही कोई निर्णय लेगी. इसलिए हमलोगों ने 12 मार्च को निगम कार्यालय के सामने आत्मदाह करने का निर्णय लिया है. इससे संबंधित पत्र निगम के प्रशासक कार्यालय में भी दिया गया है. मालूम हो कि नगर निगम के मृत कर्मियों के आश्रित अनुकंपा के आधार पर थर्ड ग्रेड व फोर्थ ग्रेड में नौकरी व पारिवारिक पेंशन देने की मांग को लेकर निगम कार्यालय के बाहर पांच मार्च से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं.

# तीन महीने से नहीं मिला वेतन, झारखंड की शराब दुकान के सेल्समैन परेशान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में शराब दुकानों (वाइन शॉप) के सेल्समैन को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है. राज्य की 1529 लाइसेंसी शराब दुकानों में कार्यरत 4400 से अधिक सेल्समैन होली से पहले वेतन न मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं.

**रोजाना करोड़ों का राजस्व, लेकिन कर्मी वेतन से वंचित**

राज्य सरकार को शराब की बिक्री से रोजाना करीब 1 करोड़ रुपये का राजस्व मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद सेल्समैन और कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा. सेल्समैनों ने बताया कि उनकी भर्ती नियोजनालय और उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से की गई थी, लेकिन नियुक्ति कंपनी द्वारा श्रम अधिनियम का पालन किए बिना की गई.

**1529 शराब दुकानें, 1564 की थी योजना**

झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा राज्यभर में 1564 शराब दुकानें संचालित करने की योजना थी, लेकिन वर्तमान में 1529 दुकानें चल रही हैं. हर दुकान पर एक सुपरवाइजर और दो सेल्समैन तैनात हैं, जो रखरखाव, बिक्री, स्टॉक मिलान और एकाउंट्स का काम संभालते हैं.

**होली पर आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मचारी**

त्योहार के समय वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सेल्समैनों ने श्रम कानूनों के उल्लंघन और वेतन में देरी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

# 14 और 15 मार्च को बंद रहेगा रिम्स का ओपीडी



**रांची।** रिम्स का (ओपीडी) 14 और 15 को बंद रहेगा. रिम्स प्रशासन ने एक सूचना जारी कर यह जानकारी दी है. जारी सूचना के मुताबिक, इस दौरान ईमरजेंसी सेवा, फोरेंसिक मेडिसिन, रेडियोलॉजी विभाह व पाकशाला अन्य दिनों की तरह की खुला रहेगा. जारी सूचना के मुताबिक, होली को लेकर 14 मार्च को छुट्टी घोषित है. इसलिए ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी. जबकि 15 मार्च को भी ओपीडी सेवा बंद रखने का फैसला लिया गया है. दोनों दिन ओपीडी के अलावा निदेशक कार्यालय, चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, सभी विभाग, पुस्तकालय, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, पैथोलॉजी विभाग, जीव रासायन विभाग, एमआरडी और सेंट्रल पैथोलॉजी विभाग बंद रहेगा.

## महाधिवक्ता व सरकार के अधिवक्ता कोर्ट में गये

**रांची.** बाहरी अधिवक्ता को झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में कॉलेजियम द्वारा अनुशंसा किये जाने का विरोध मंगलवार को भी जारी रहा. वहीं एडवोकेट एसोसिएशन के विरोध के बावजूद महाधिवक्ता राजीव रंजन चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षतावाली खंडपीठ (कोर्ट नंबर-एक) में गये तथा विभिन्न मामलों की सुनवाई में राज्य सरकार का पक्ष रखा. महाधिवक्ता श्री रंजन के अलावा राज्य के अन्य अधिवक्ता कोर्ट-एक, कोर्ट-तीन व कोर्ट-चार में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई के दौरान उपस्थित हुए तथा राज्य सरकार का मजबूती से पक्ष रखा. कोर्ट ने कई मामलों की सुनवाई के बाद उसे निष्पादित भी कर दिया. आठ मार्च को महाधिवक्ता ने राज्य सरकार के सभी अधिवक्ताओं को तीनों कोर्ट में जाने तथा राज्य सरकार का पक्ष रखने का निर्देश दिया था. निर्देश के आलोक में 10 मार्च को कई सरकारी अधिवक्ता कोर्ट में उपस्थित हुए थे. इसके विरोध में एडवोकेट एसोसिएशन की आमसभा में 15 अधिवक्ताओं को शो कॉज नोटिस देने का निर्णय लिया गया था. एसोसिएशन के प्रस्ताव के आलोक में अधिवक्ता तीनों कोर्ट की अदालती कार्यवाही में शामिल नहीं हो रहे हैं.

## आपसी विवाद में मारपीट व फायरिंग, एक गिरफ्तार

**रांची.** बरियातू जोड़ा तालाब के समीप मंगलवार की सुबह करीब 9:30 बजे वहीं के रहने वाले मो साहिल की मोरहाबादी निवासी मो उस्मान एवं मो अमन के साथ आपसी विवाद में मारपीट व फायरिंग की घटना हुई. मारपीट में साहिल जख्मी हो गया. इलाज रिम्स में कराया गया. इधर, घटना की सूचना मिलते ही बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार गश्ती दल के साथ वहां पहुंचे. मारपीट कर रहे उस्मान को गिरफ्तार कर लिया. इस संबंध में मो साहिल के बयान पर बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. जानकारी के अनुसार दोनों ग्रुप के लोग प्लंबर का काम करते हैं. काम को लेकर उनके बीच विवाद हुआ था. मंगलवार को साहिल ने उन्हें जोड़ा तालाब के पास बुलाया था. उसी दौरान उस्मान व अमन ने साहिल को भद्दी-भद्दी गाली देते हुए उस पर हमला कर दिया. रिवॉल्वर से उस पर फायरिंग कर दी. लेकिन साहिल बच गया. रिवॉल्वर छीनने के दौरान उसका हाथ कट गया. पुलिस के आने के पूर्व अमन हथियार लेकर फरार हो गया. पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

## अप्रैल से नहीं होगी मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई, हाईकोर्ट ने जारी की सूचना




**रांची।** इस वर्ष जिला अदालतों में सुनवाई का समय नहीं बदलेगा. दरअसल हर वर्ष रांची सिविल कोर्ट समेत झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई होती थी. लेकिन अब झारखंड हाईकोर्ट ने पत्र जारी कर डे कोर्ट में ही सुनवाई जारी रखने की सूचना जारी कर दी है. डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के 5 बजे तक निर्धारित किया गया है. पहले करीब दो महीने से ज्यादा समय से मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई चलती थी. लेकिन अब ऐसा नहीं होगा.

## आपसी भाईचारा का पर्व है होली: राजेश कच्छप

# जोरार मैं होली मिलन समारोह में विधायक ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की दी बधाई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**नामकुम।** नामकुम के जोरार स्थित लीची बगान में समाजसेवी रमेश सह कांग्रेस के वरीय नेता पांडे के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह सह फगुआ गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर खिजरी विधायक सह कांग्रेस के उप नेता राजेश कछप मौजूद होकर संगीत कार्यक्रम में शामिल होकर झाल बजाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही के रमेश पांडे ने भोजपुरी फगुआ गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने उपस्थित लोगों को कहा कि होली पर आपसी भाईचारा का संदेश देता है। इस त्यौहार में सभी लोग एक दूसरे के साथ रंग व अबीर लगाकर त्योहार साथ मानते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान विधायक ने उपस्थित सभी लोगों को रंग गुलाल लगाकर सभी को होली की दी बधाई। इस सत्यनारायण सिंह, सुदेश तिर्की,जय कुमार मिश्रा, रामबाबू यादव, सोनल कच्छप, आत्मानंद पांडे, प्रेम सिंह, सहदेव यादव, सिकंदर ठाकुर, राजेंद्र कच्छप, अशोक मुंडा, निलेश मिश्रा, सरोजिनी कच्छप, रामकुमार यादव, रमाशंकर तिवारी, बिनय, पंचू तिर्की, यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रांची नगर निगम का पोर्टल एक हफ्ते से ठप, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने से जनता बेहाल



**रांची :** नगर निगम की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ रही है. पिछले एक सप्ताह से रांची नगर निगम का पोर्टल ठप पड़ा है, जिससे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहा है. इस तकनीकी खामी के चलते लोग लगातार नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है.

**कब तक ठीक होगा, नहीं कह सकते : मुकेश रंजन**

जब इस मुद्दे पर नगर निगम के सहायक प्रशासक मुकेश कुमार रंजन से सवाल किया गया तो उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले एक सप्ताह से पोर्टल में समस्याएं हो रही है. उन्होंने कहा कि हमारी टीम इसे ठीक करने में लगी हुई है, लेकिन इसमें कितना समय लगेगा, यह नहीं कहा जा सकता. यानी नगर निगम के पास न तो कोई ठोस समाधान है और न ही कोई टाइमलाइन.

**स्कूल में एडमिशन का समय, जन्म प्रमाण पत्र के बिना बढ़ी मुश्किलें**

इस समय स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है और जन्म प्रमाण पत्र इसकी जरूरी शर्तों में से एक है. लेकिन नगर निगम का पोर्टल ठप होने के कारण अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कई अभिभावक बार-बार नगर निगम के दफ्तर की चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ यह जवाब मिल रहा है कि ह्लसिस्टम डाउन है.

प्रशासन की नाकामी, जनता त्रस्त

जनता का कहना है कि नगर निगम की लापरवाही उनकी मुश्किलें और बढ़ा रही है. पहले से ही सरकारी दफ्तरों में काम की धीमी रफ्तार से लोग परेशान रहते हैं, और अब इस तकनीकी गड़बड़ी ने हालात और बिगाड़ दिये हैं.

**क्या बैकअप प्लान भी नहीं?**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर पोर्टल हफ्तों तक बंद रहेगा तो लोग अपने जरूरी दस्तावेजों के लिए कहां जाएंगे? क्या नगर निगम के पास कोई बैकअप प्लान नहीं था इस लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है. नगर निगम को चाहिए कि इस समस्या का समाधान तत्काल निकाले और जनता की परेशानी को गंभीरता से ले. नहीं तो जनता का गुस्सा प्रशासन पर भारी पड़ सकता है.

## नगर निगम कर्मियों का अनशन आठवें दिन समाप्त, अप्रैल से मिलेगी फैमिली पेंशन



**रांची।** नगर निगम कर्मियों का 5 मार्च से शुरू अनिश्चितकालीन अनशन आज बुधवार को आठवें दिन समाप्त हो गया. निगम प्रशासन के अप्रैल से फैमिली पेंशन देने के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपना अनशन खत्म किया. निगम प्रशासन की ओर से उप प्रशासक गौतम प्रसाद, सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार और अन्य अधिकारियों ने अनशन स्थल पर पहुंचकर कर्मियों को गन्ने का जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया. नगर निगम प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि अप्रैल से सभी पात्र कर्मियों को फैमिली पेंशन दी जायेगी. यह पेंशन झारखंड हाईकोर्ट के निदेर्शों के आलोक में पहले तीन कर्मचारियों को दी गयी पेंशन की तर्ज पर ही मिलेगी.

तीन कर्मियों को दी गयी पेंशन की तर्ज पर इनको भी मिलेगी पेंशन

गौरतलब है कि हाईकोर्ट के आदेश के तहत पहले तीन कर्मचारियों को फैमिली पेंशन मिलनी शुरू हो चुकी है. उसी प्रक्रिया के तहत अब अन्य पात्र कर्मियों को भी पेंशन दिए जाने की बात कही गयी है.

**कर्मियों ने सामूहिक आत्मदाह करने की घोषणा की थी**

बता दें कि मंगलवार को अनशनकारी कर्मियों ने घोषणा की थी कि यदि उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो वे बुधवार को सामूहिक आत्मदाह करेंगे. इसके बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और कर्मियों से बातचीत कर समाधान निकाला. अब निगम कर्मियों को उम्मीद है कि अप्रैल से उन्हें पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा.

# सिरमटोली सरना स्थल के मुख्य पाहन 4 साल से बीमार, दूसरों के घरों में बर्तन मांजकर पत्नी करा रही इलाज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** सिरमटोली सरना स्थल के मुख्य पाहन रोहित हंस पिछले चार साल से बीमार चल रहे हैं. इस दौरान किसी भी आदिवासी संगठन ने उनकी हालत के बारे में जानकारी नहीं ली और न ही कोई संगठन उनका हालचाल पूछने आया है. मुख्य पाहन की पत्नी अनीमा और मां अनिता पहनाइन ने बताया कि केंद्र सिरमटोली सरना स्थल में लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से सरना भवन बनकर तैयार हो चुका है और इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है. सरहुल पर्व के दौरान इसका उद्घाटन होने की संभावना है. सरना भवन बनाने में पाहन परिवार ने कड़ी मेहनत की है और इस प्रक्रिया में कई संघर्ष भी झेले हैं. सरहुल पर्व एक अप्रैल को है और मुख्य पाहन पूजा-पाठ कराएंगे. हाथमा सरना स्थल समेत सैकड़ों संगठन सिरमटोली सरना स्थल में शोभायात्रा के रूप में पहुंचेंगे.

**मुख्य पाहन की परिवार संग पुरानी तस्वीर**

सिरमटोली की मुख्य पहनाईन अनिता ने बताया कि मुख्य पाहन पिछले चार सालों से मिर्गी रोग से ग्रस्त हैं. कभी-कभी वह बिना किसी कारण के गिर जाते हैं. उनके हाथ-पैर में दर्द होता है और सिर में भी दर्द की शिकायत रहती है. इलाज कराते-कराते वे थक चुके हैं और अब उनके पैसे भी इलाज करवाने में खत्म हो चुके हैं.

**पाहन की मां का रेजा का काम करते हुए तस्वीर**

पाहनइन ने बताया कि वो दूसरे के घरों में बर्तन मांजती है और काम करती है, ताकि गुजारा हो सके. जबकि उनकी सास रेजा का काम करती हैं. उन्होंने बताया कि जो भी कमाई होती है, वो सभी पैसे पाहन के इलाज में ही खत्म हो जाते हैं. इतना होने के बावजूद भी अब तक किसी आदिवासी समुदाय या किसी संगठन ने उनके इलाज के लिए कोई मदद नहीं की है और न ही कोई हालचाल लिया है. इलाज कराने के दौरान उन्हें कई बार मदद का आश्वासन मिला था. लेकिन अभी तक कोई मदद नहीं मिली है. यहां बता दें कि मुख्य पाहन के बड़े भाई का निधन भी दो साल पहले ही चुका है. वो भी लंबे समय से बीमार थे.

# होली में हुड़दंग करने वाले पर रहेगी कड़ी नजर :- नितिन खंडेलवाल....

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहरवा।** रंगोत्सव होली एवं रमजान के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं आमजनों के सुझाव परामर्श हेतू बरहरवा शान्ति समिति की बैठक बरहरवा थाना परिसर मे बुधवार को आयोजित किया, बैठक की अध्यक्षता बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खांडेवाल एवं बरहरवा वीडियो सनी कुमार दास ने संयुक्त रूप से किया। बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बताया कि होली के पावन पर्व पर पूर्ण रूप से डीजे पर बजने वाले अश्लीलता गाने पर प्रतिबंध रहेगा, उन्होंने होली के दौरान किसी भी समुदाय के लोगों के खिलाफ कोई भी भड़काऊ गाना या फूहड़ गाना बजाने पर सख्त कार्रवाई होगी, सोशल मीडिया में कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा ऐसा करने वाले के साथ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी,किसी को जबरन रंग नहीं लगे सामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है. होली के दिन पुलिस गश्ती टीम लगातार गस्ती करेगी. उन्होंने सौहार्द पूर्वक वातावरण मे होली मानाने की बात कही. वही होलिका दहन सार्वजनिक स्थल जैसे चौक चौराहे पर नहीं करेंगे साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि प्रदूषण का ख्याल रखते हुए किसी प्रकार की टायर व रबर आदि वस्तुओं की उपयोग नहीं करेंगे. सोशल मीडिया एडमिनों को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे. किसी भी समुदाय या व्यक्तिगत विशेष को लक्ष्य करके कोई पोस्ट नहीं डालेंगे अन्यथा ग्रुप एडमिन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी होली के दिन सभी प्रकार के छोटे बड़े वाहन और ट्रैक्टर का परिचालन पूर्ण रूप से बाजार में बंद रहेगा. मौके पर उपस्थित उपस्थित सभी पदाधिकारी ने शांति समिति के सभी सदस्यों को रंग गुलाल देकर होली की अग्रिम बधाई दी. मौके पर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, बरहरवा प्रभाग के इंस्पेक्टर सुधीर पोद्दार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत टुडू, जीआरपी थाना प्रभारी विमल रंजन तिग्गा, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक दास, नगर अध्यक्ष धर्मवीर महतो, इकबाल हुसैन, शक्तिनाथ अमन, दिलीप डूकानिया, अशोक गुप्ता, अश्वनी आनंद, बापन साह, जितेंद्र यादव आरपीएफ सब इंस्पेक्टर अन्य उपस्थित थे।



## दिव्यांग बच्चों के साथ हुआ होली मिलन कार्यक्रम

**कौशल्या ज्योति ट्रस्ट,बाल कल्याण समिति और हेल्पिंग हैंड्स ने प्रदान की सामग्री**

**साहिबगंज।** कौशल्या ज्योति ट्रस्ट और हेल्पिंग हैंड्स के सहयोग से स्थानीय दिव्यांग विद्यालय और बालगृह बालक के बच्चों के बीच होली मिलन कार्यक्रम रखा गया।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभी बच्चों को अबीर,गुलाल,रंग,पिचकारी खाद्य सामग्री सहित भरपूर मात्रा में होली की सामग्री प्रदान की गई।कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल कल्याण समिति,हेल्पिंग हैंड्स आदि के सहयोग से सभी बच्चों के बीच होली मिलन रखा गया है।इसके माध्यम से हम लोग यह संदेश देते हैं कि समाज के अंतिम पायदान के बच्चों को ऐसा ना लगे कि वह अकेले हैं।बच्चों ने जम कर होली मिलन कार्यक्रम में भाग लिया और उनके चेहरे पर खुशियां थी।दुबई में रहने वाले स्थानीय निवासी आनंद वत्स ने बच्चों को अपनी तरफ से भी होली की भरपूर सामग्री प्रदान की।उन्होंने कहा यह बच्चे हमारे महत्वपूर्ण अंग है।इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अब्दुल सुभान,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी,हेल्पिंग हैंड्स के निदेशक अभिदिप्स प्रशांत सागर,लैला हरिन,पूजा झा,कंचन कुमारी,रमेश कुमार,अमर जोशी,मिथिलेश कुमार झा,रंजीत कुमार वर्मा सहित विद्यालय के सभी कर्मी और बालगृह के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## होली और ईद सौहार्दपूर्ण बतावरण में मनाएं:आदित्य यादव

**साहिबगंज।** कांग्रेस के जिला महासचिव आदित्य यादव नें साहिबगंज जिलावासियों से रंगों का त्योहार होली और ईद का त्योहार को शांति,आपसी एकता,हर्षोल्लास तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है।आदित्य यादव ने कहा है कि जंहा होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई को दशार्ता है और होलिका दहन के साथ ही सभी बुरे विचार उसमें जल कर रह जाते हैं वंही ईद का त्योहार त्याग और मजहब के प्रति समर्पण को दशार्ता है और यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए,जिसमें कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके।

## होली को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**बरहेट।** थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में बरहेट बाजार में फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च में बीडीओ सह सी ओ अंशु कुमार पांडे शामिल हुए।थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि होली पर्व को लेकर बरहेट बाजार,तीन मोहानी चौक के अलावा विभिन्न चौक चौराहा से होकर पुलिस ने भ्रमण किया। वही होली पर्व शांतिपूर्ण रूप से मनाने का संदेश दिया।कहां की होली के दिन हुडदंग करने वाले लोगों को खैर नहीं है।पुलिस की पैनी नजर है।मौके पर एस आई अशोक सिंह, हरिनंदन मंडल के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त, हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषि पाठशाला के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति और कार्यों के अनुश्रवण पर चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि बीज गुणन प्रक्षेत्र बरहरवा में शिक्षा एवं कल्याण समिति बरहरवा, बीज गुणन प्रक्षेत्र राजगांव में बीज गुणन प्रक्षेत्र राजमहल में एसके एंटरप्राइजेज रांची के द्वारा कृषि पाठशाला संचालित की जा रही है। इन सभी कार्यों की समीक्षा की गई और वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए 20 मार्च, 2025 तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला पशुपालन पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी संतलाल प्रसाद, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, उप परियोजना निदेशक आत्मा और तीनों कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शिक्षक रोजना विद्यालय बंद कर प्रखंड मुख्यालय व आसपास में देखें जाते हैं

**यूपीएस कुसमा विद्यालय समय से पहले ही बंद हो जाता है,शिक्षक को विद्यालय से कोई मतलब नही**

**उधवा।** प्रखंड की मोहनपुर पंचायत में संचालित एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा नही मिलने के कारण उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। एक ओर जहां सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए संबंधित विभाग व सरकार सजग है तो वही दूसरी ओर शिक्षक के लापरवाही के कारण बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा नही मिल रहा है। जानकारी के अनुसार यह विद्यालय प्रखंड क्षेत्र के कुसमा में स्थित है, जहां एक शिक्षक कार्यरत है, लेकिन वह अधिकतर समय स्कूल से अनुपस्थित रहकर इधर उधर चले जाते हैं। बुधवार को दोपहर के पौने 12 बजे यूपीएस कुसमा विद्यालय बंद देखा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। स्कूल में अधिकतर ताला लगा रहने के कारण बच्चे अपने घर लौटने को मजबूर हो जाते है। शिक्षक स्कूल को बंद का अधिकतर प्रखंड मुख्यालय व आसपास में देखे जाते है। इस समस्या के कारण दिनों-दिन बच्चों की संख्या घटती जा रही है, और अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन एक भी बच्चा स्कूल में नहीं रहेगा। यह समस्या न केवल बच्चों के भविष्य के लिए खतरनाक है, बल्कि समाज के विकास के लिए भी हानिकारक है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए संबंधित विभाग को शिक्षकों की अनुपस्थिति की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**इस संबंध में क्या कहते हैं बीपीओ दीपक कुमार**

इस संबंध में उधवा बीपीओ दिपक कुमार से पूछे जाने पर बताया कि मामला सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है, वास्तव में अगर उक्त विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लापरवाही बरती गई है,या विद्यालय से गायब थे तो उसकी जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षकों ने मनाया होली मिलन समारोह, अबीर गुलाल लगाकर दी बधाई



**बरहेट।** प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू एस एस डी हाई स्कूल बरहेट में बुधवार को विद्यालय की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मोहम्मद इस्माइल आलम ने की।इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शामिल हुए।वही सभी शिक्षकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी साथ ही साथ कहा की बिना किसी भेदभाव के यह पर्व लोगों के बीच संदेश देता है।होली उत्सव ही नहीं बल्कि देश की एकता और अखंडता को दशार्ता है।होली भारत का अहम त्यौहार है।देश के सभी राज्यों में धूमधाम से रंगोउत्सव मनाया जाता है।होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।यह समाज में प्रेम, सदभाव व भाईचारे का मिसाल पेश करता है।मौके पर शिक्षक देवानंद वर्मा,,नयन दास, भरत साह, चंद्रा घोष,मिनी हेंब्रम,मेरीनिला हेंब्रम,उर्मिला टोप्पो, मौजूद रहे।

## पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला



**मंडरो।** होली एवं रमजान को लेकर बीडीओ सह सीओ मेघनाथ उरांव एवं थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने मिजाचौकी थाना क्षेत्र मिजाचौकी बाजार, गांधीनगर ,नीमगाछी, रेलवे फाटक अन्य मुख्य सड़क पर फ्लैग मार्च निकाली गई।इस संबंध में बीडीओ मेघनाथ उरांव एवं थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि त्योहार एवं पर्व के अवसर पर कोई असामाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंग नहीं करे शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार सम्पन्न हो इसके लिए फ़्लैग मार्च निकाली गयी है,शराब पीकर सड़कों पर बिना वजह के भ्रमण नहीं करें,ताकि किसी को बुरा नहीं लगे। मौके पर एस आई पवन कुमार यादव, एएसआई महेन्द्र सिंह,सहित दर्जनों पुलिस बल फ़्लैग मार्च में सामिल थे।

**किसी भी अफवाहों से बचें अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी: एसडीपीओ**

## पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाने की अपील

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**उधवा।** रंगों का त्योहार होली पर्व एवं माहे रमजान को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी,उधवा बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के नेतृत्व में राधानगर पुलिस ने बुधवार को फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।इस दौरान पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह आमजनों से मिलकर शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ होली एवं रमजान माह की जुमा अदा करने की अपील की। फ्लैग मार्च थाना मुख्यालय से होते हुए विभिन्न जगहों तक निकालकर लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की गई। इस दौरान राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने कहा की होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होना चाहिए। यदि विधि व्यवस्था भंग की जाती हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। होली पर्व के दिन मुस्लिम समुदाय का माहे रमजान की जुमा है पर्व में किसी को जबरन अबीर गुलाल न लगाए ताकि किसी व्यक्ति को ठेस पहुंच सके। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर व आपत्तिजनक कॉमेंट व पोस्ट करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है।वही उधवा बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने कहा कि होला पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखें। हुड़दंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी। 24 घंटे पुलिस प्रशासन आपकी सेवा के लिए तत्पर और तैयार है मौके पर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, एसआई हसनैन अंसारी,समेत पुलिस बल मौजूद थे।

## होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए :- एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी

**तीनपहाड़।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में बुधवार की संध्या राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में होली को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बाबूपुर चौक से शुरू हुआ जो तीनपहाड़ बैंक मोड़ तक गया। वहीं इस अवसर पर नेतृत्व कर रहे एसडीपीओ ने क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए हर वर्ग से सहयोग की अपील की। वहीं एसडीपीओ और थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों से अपील किया कि वे किसी प्रकार की अफवाह एवं भ्रामक खबरों से सावधान रहें। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले मैसेज को फारवर्ड करने से भी परहेज करें। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन 24 घण्टा सक्रिय है। एसडीपीओ ने कहा कि कोई भी अप्रिय सूचना मिलते ही नजदीकी थाने को सूचना देने का काम करे। क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर पुलिस ने आम लोगो को सुरक्षा का अहसास दिलाया। वहीं मौके पर उपस्थित तीनपहाड़ थाना प्रभारी गुलशन गौरव, एसआई नारद गहलोत, एसआई शाहिद अहमद खान, एएसआई बाबू शरण मुर्मू, एएसआई ललन रजवार, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

## कीटनाशक खाने से एक महिला मूर्छित



**साहिबगंज।** बाराहाट तुई टोला मोहल्ले में गलती से कीटनाशक खाने से एक महिला मूर्छित हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए मंगलवार की रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने इलाज प्रारंभ किया। बताया जा रहा है कि बिहार के बाराहाट तुई टोला निवासी मोहम्मद महताब अंसारी की 30 वर्षीया पत्नी जहांआरा बीबी गलती से अनाज छिड़काव करने वाले कीटनाशक खाने से गंभीर हो गई बरहाल महिला का इलाज सदर अस्पताल में किया गया।

## विद्युत चोरी के आरोप में दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**उधवा।** बिजली विभाग की टीम ने राधानगर थाना क्षेत्रों में बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए पाया। मामले को लेकर दो लोगों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में की गई थी, जिसमें बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया था। छापेमारी के दौरान, बिजली विभाग की टीम ने उधवा पाकीजा मोड़, मिर्जा नगर गांव में छापेमारी की,कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि छापेमारी के दौरान दो लोगों को अवैध रूप से टोका लगाकर बिजली चोरी करते पाए गए थे। मामले को लेकर देर शाम को कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया था। इसके बाद, राधानगर पुलिस ने कनीय विद्युत अभियंता के बयान पर पिंटू स्वर्णकार व दीपक मंडल के खिलाफ थाना कांड संख्या 86/25 व 87/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। विभाग की ओर से पिंटू स्वर्णकार और दीपक मंडल पर दस - दस हजार से अधिक रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बरहरवा आरपीएफ ने नाबालिक लड़की को किया सकुशल बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा।** आरपीएफ ने एक नाबालिग लड़की को किया बरामद करने में सफलता हासिल की है।बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एएसआई बिस्वनाथ टुडू, एचसी महेश कुमार आर्य एवं सीटी अनिल कुमार साह ने सोमवार की रात साढ़े आठ बजे से नौ बजे तक राउंड के दौरान देखा गया कि एक नाबालिग लड़की संदिग्ध तरीके से बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 मुख्य प्रवेश द्वार पर इधर-उधर घूम रही थी। पूछने पर उसने अपना नाम निशा कुमारी (16 वर्ष) पिता बीरबल मंडल, निवासी- सच्चिदानंद, थाना-तिलकामांझी, जिला-भागलपुर (बिहार) बताया। आगे पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह अपनी मां से झगड़ा होने के कारण घर से भाग गया था। फिर वह भागलपुर रेलवे स्टेशन पहुंची और बरहरवा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई। जब ट्रेन बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंची तो वह ट्रेन से उतर गई और इधर-उधर घूमने लगी। वहीं एएसआई बिस्वनाथ टुडू ने उसे हिरासत में लिया। हिरासत में लिए जाने के बाद लड़की को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरपीएफ बरहरवा लाया गया। इसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बाल संरक्षण मंथन के आराधना मंडल को सौंप दिया।

## राजमहल सिविल कोर्ट में होली मिलन समारोह का आयोजन, न्यायाधीशों और वकीलों ने मनाया रंगों का त्योहार



**राजमहल।** राजमहल सिविल कोर्ट परिसर में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें न्यायाधीशों, वकीलों और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शिरकत की। इस रंगारंग कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीश रंजय कुमार, न्यायाधीश हिसामुद्दीन वारिश, न्यायाधीश मानसी , बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजनी नंदन प्रसाद, बार एसोसिएशन के सचिव दिलीप साहा वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप सिंह, अधिवक्ता दीन बंधु वर्मा, अधिवक्ता ओम प्रकाश सिंह, अधिवक्ता अनंत राय, अधिवक्ता मोहम्मद मनीर आलम और अन्य गणमान्य अधिवक्ताओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत में न्यायाधीश रंजय कुमार ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को रंगों के इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली न केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि यह सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी से इस अवसर पर पुराने मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजनी नंदन प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि होली का त्योहार हमें जीवन में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार करता है। समारोह में अधिवक्ता दीनबंधु वर्मा, अधिवक्ता मनीर आलम , अधिवक्ता अनंत राय ने अपने चुटकुलों के माध्यम से माहौल हास्यपूर्ण बना दिया और विशेष अंदाज में सबों को शुभकामनाएं दी ।

जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311807 एवं 112

# 13 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से 16 मार्च की सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

**सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी**
**7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**
**लगातार भ्रमणशील रहेगा पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता**
**जिला नियंत्रण कक्ष में मौजूद रहेंगे उत्पाद निरीक्षक**

**कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** होली को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) श्री पीयूष सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा।होली के अवसर पर 13 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से 16 मार्च की सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जबकि डीएसपी सीसीआर श्री सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217, 0326 - 2311807 एवं 112 है।होली के अवसर पर मादक पदार्थ एवं शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए सभी उत्पाद निरीक्षक तथा अवर उत्पाद निरीक्षक कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कंट्रोल रूम से दंडाधिकारी एवं पुलिस के साथ संबंधित स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई करेंगे।

**सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी**

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धमाबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं धनबाद थाना, बैंक मोड़, सरायढेला, झरिया, निरसा, गोविंदपुर, टुंडी, बाघमारा, कतरास सहित 45 थाना क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी।

**लगातार भ्रमणशील रहेगा पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता**

होली के अवसर पर पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। होली के अवसर पर सेंट्रल हॉस्पिटल तथा शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सुपरिंटेंडेंट को इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों की टीम प्रतिनियुक्ति करने का आदेश है। जबकि सिविल सर्जन को जिला नियंत्रण कक्ष में पालीवार मेडिकल टीम, सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ, प्रतिनियुक्त करने तथा जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे चिकित्सक, एएनएम सहित स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश है। संयुक्त आदेश में पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सीय सुविधा सहित अन्य विषयों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## IIM, बौद्धगया में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण में पाकुड़ जिले की कुल 14 मुखिया लेंगी भाग

**पांच दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य मुखिया का क्षमता वर्धन करना है**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्रबंधन विकास कार्यक्रम के तहत क्क्ट, बौद्धगया में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण (17.03.2025 से 21.03.2025) में पाकुड़ जिले से 14 मुखिया प्रशिक्षण में भाग लेंगी जिसमें प्रखंड अमड़ापाड़ा से साहेबजन टुडू, ग्राम पंचायत- जराकी, सोम मरांडी, ग्राम पंचायत- जामुगड़िया, प्रखंड हिरणपुर से नायका सोरेन,ग्राम पंचायत-घाघरजानी, स्टेफन मुर्मू, ग्राम पंचायत- केंदुआ, प्रखंड लिट्टीपाड़ा से शिव टुडू, ग्राम पंचायत- लिट्टीपाड़ा, रामधन मुर्मू , ग्राम पंचायत-नवाडीह, जोसफ मालतो,ग्राम पंचायत- जोरडीहा, समीर किस्कु, ग्राम पंचायत- बीचमहल, प्रखंड महेशपुर से मनोज मरांडी, ग्राम पंचायत- देवीनगर, साईमन हेम्ब्रम ग्राम पंचायत-बाबूदाहा, सुनिराम मुर्मू , ग्राम पंचायत- गायबथान, जोगेश्वर हेम्ब्रम, ग्राम पंचायत- बड़कियारी, प्रखंड पाकुड़ से हजरत बेलाल, ग्राम पंचायत- नवादा अब्दुस समद, ग्राम पंचायत- इलामी भाग लेंगी।

## दांगी समाज ने मनाया होलिमिलन समारोह



**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा।**इटखोरी प्रखंड के पीतीज स्थित हाई स्कूल मैदान में कुशवाहा /दांगी समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कुशवाहा समाज ने एकजुटता का संदेश देते हुए होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें काफी संख्या में समाज के लोगों ने शिरकत की और एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर खुशी मनाई। होली के गीतों की प्रस्तुति की गई। होली गीतों पर सभी लोगो ने उमंग और उत्साह के साथ सामूहिक नृत्य किया। पुरुष सदस्यों के द्वारा होली का जोगीरा गाया गया।वही कार्यक्रम में राजेश दांगी उर्फ बिजूली रानी एंव रामस्वरूप अलबेला ने लोगो को होली गीत पर जमकर झुमाया ।इस मौके पर पकौड़ी, छोला-भटूरा और कॉफी पिलाकर कर एक दूसरे को बधाई दी गई।समाज के अध्यक्ष केदार प्रसाद दांगी ने कहा कि समाज के लोग नकारात्मक सोच से अपना मनोबल कम न होने दें।उन्होंने समाज के लोगो से अपील किये की होली मे शराब मुक्त होली मनाये। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाकर उन्हें कामयाब बनाएं।वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने समाज के सभी सदस्यों को मान, सम्मान व स्वाभिमान के साथ जीने पर बल दिया।वही दांगी समाज के पूर्व जिला सचिव सह जदयू जिला अध्यक्ष राम आशीष कुमार ने कहा कि होली आपसी प्रेम बढ़ा कर मन से एक दूसरे के प्रति द्वेष मिटा कर भाईचारा निभाने का पर्व है। इस प्रकार के आयोजन के लिए समिति को धन्यवाद दिया।मौके पर युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव सतीश कुमार दांगी,इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष विजय दांगी,अनुज दांगी,बिनोद दांगी,करनी पंचायत के पूर्व मुखिया सीताराम दांगी,पूर्व मुखिया कुसुम देवी,तुलेश्वर दांगी,इटखोरी पंचायत के मुखिया युगेश्वर दांगी,अर्जुन दांगी ,सुबोध दांगी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## त्योहारों के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों एवं मिठाई दुकानों का संबंधित पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** हिरणपुर बाजार स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का जांच खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम द्वारा किया गया। जांच के क्रम में कोल्ड ड्रिंक, चिप्स, मसाले के पैकेट इत्यादि की जांच की गई। जांच के क्रम में एक दुकान से 10 ग्राम वाले 29 मिर्च पैकेट एक्सपायर पाया गया जिसे नोटिस देते हुए नष्ट करवा दिया गया। निरीक्षण के दौरान छेना, खोवा, तेल एवं अन्य मिठाई का नमूना संग्रह किया गया उसे जांच हेतु खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा जाएगा। बताया गया कि कुछ खाद्य कारोबारी द्वारा खाद्य प्रतिष्ठान में फूड लाइसेंस पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं किया गया तथा अखबारों का इस्तेमाल खाद्य सामग्री ढकने में करता हुआ पाया गया। कुछ दुकानों में गंदगी पाई गई। सभी को नोटिस देते हुए अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लड्डू, जलेबी, आलू चोप, पकोड़ी एवं हल्दी में रंगों की जांच की गई।

एनीमिया मुक्त भारत को लेकर उपयुक्त ने की बैठक

## शरीर में खून की कमी होने पर लोग एनीमिया से प्रभावित हो जाते हैं

**आइएफए की पर्याप्त आपूर्ति एवं वितरण करने का निर्देश**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बुधवार को एनीमिया मुक्त भारत को लेकर बैठक हुई।इस अवसर पर सिविल सर्जन मंटू कुमार टेकरीवाल ने कहा कि एनीमिया एक गंभीर बीमारी है, जो शारीरिक व मानसिक क्षमता को प्रभावित करता है। यह विश्व में सबसे अधिक पाईं जाने वाली पोषण संबंधी में से एक है। भारत में आधा से ज्यादा आबादी एनीमिया से पीड़ित हैं। एनीमिया बच्चों, महिलाओं, किशोर व किशोरियों को अधिक प्रभावित करती है। शरीर में खून की कमी होने पर लोग एनीमिया से प्रभावित हो जाते हैं। उन्होंने एनीमिया मुक्त भारत सप्ताह जो 17 मार्च 2025 से 29 मार्च 2025 के दौरान लक्षित जनसंख्या जो 06 से 59 माह के बच्चे, पांच से नौ वर्ष के बच्चे, 10 से 19 वर्ष के किशोर- किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाएं शामिल हैं कि हिमोग्लोबिन की जांच एवं उपचार, एनीमिया से बचाव के लिए सभी लक्षित आयुवर्ग में आइएफए का संपूर्ण आहार, लौहयुक्त भोजन को बढ़ावा देने के लिए लोगों के बीच जागरूकता का प्रसार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त मनीष कुमार ने अधिकारियों को स्वास्थ्य कर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। वहीं आइएफए की पर्याप्त आपूर्ति एवं वितरण करने को कहा। अस्पतालों में रोस्टर के अनुसार डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी आदि के बारे में विमर्श किया। कहा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाएं और अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज दें। सभी बिंदुओं पर पीपीटी के माध्यम से डीडीएम आईडीएसपी के द्वारा जानकारी दी गई।

## बिरसा हरित ग्राम योजना पर्यावरण के साथ-साथ आजीविका में मददगार:- उपायुक्त

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** रविन्द्र भवन टाउन हॉल में बिरसा हरित ग्राम योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में किये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु संबंधित कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त मनीष कुमार ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं परियोजना पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना का क्रियान्वयन पूरे राज्य में वृहद पैमाने पर किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में किए जाने वाले बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत वृक्षारोपण संबंधी 1500 एकड़ में किया जाना है, जिसे दिनांक 22.03.2025 तक स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही योजनाओं की स्वीकृति करने के साथ प्रथम वर्ष का कार्य यथा गड्ढा खुदाई, नाडेप पिट निर्माण, जानवर रोधक खाई का निर्माण, निविदा प्रक्रिया आदि पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा महत्त्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना चलाई जा रही है। मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी, अमरूद बागवानी, छायादार वृक्षारोपण, मिश्रित फलदार पौधों की बागवानी को प्रोत्साहित करना है। डीसी ने मिश्रित बागवानी के द्वारा आमजनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में मिश्रित बागवानी के तहत किसानों को आम, नीबू, अमरूद एवं इमारती पौधा लगवाने के लिये प्रेरित करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में बागवानी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा किया गया। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किए जा रहे बगवानी में फलदार पौधा आम के पौधों के रोपण से पूर्व एवं पौधे के संरक्षण करते हुए फल उपज तक किए जाने वाले कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से अलग अलग प्रारूप के तहत पौधों के बीच की दूरी, गड्ढा खुदाई, गड्ढा भराई, कीटनाशक दवाई, समय पर खाद छिड़काव एवं पौधों के संरक्षण हेतु किए जाने वाले कार्यों, पौधारोपण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी तथा फलदार पौधों के समय पर फल उपज एवं उसके विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों को बताया गया तथा सभी ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, सीएफपी टीम बीएफटी, जेटीडीएस टीम एवं जीविदा हासा टीम को सख्त निर्देश दिया गया कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए मेहनत और लगनशील बनें।

## बार एसोसिएशन के सभागार में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन




**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़:** बुधवार को करीब 4:00 बजे व्यवहार न्यायालय स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एवं मिठाईयां खिलाकर होली मिलन समारोह मनाया। वहीं उपस्थित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मोहम्मद मोहिउद्दीन ने कहा कि होली का पर्व भाईचारा का पर्व है,सचिव दीपक ओझा ने कहा होली पर्व शांति एवं एक दूसरे के बीच प्यार बांटने का पर्व है।एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर लोग पुराने गिले शिकवे भूल जाते हैं। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रंजन बोस उर्फ बबुआ दा,निरंजन घोष,नृपेंद्र नाथ उपाध्याय उर्फ नीपू दा,धर्मेंद्र सिंह, अजीत रविदास, सुजीत दस, अनूप कुमार ओझा, राजीव यादव, अमरनाथ पांडे, प्रमोद सिंहा,आनंद किशोर ओझा,राहुल व्यास, राहुल सरकार, मर्सि जॉय लकड़ा,ब्रेल मुर्मू,टुनटुन पंडित,स्वराज सिंह ,अजय कुमार, सौरव, एडवोकेट क्लर्क सुजीत कुमार के अलावे अन्य मौजूद थे।

## विधि व्यवस्था को लेकर सिंदरी थाना प्रभारी ने किया फ्लेग मार्च



**शांति पूर्वक त्योहार मनाने की की अपील**

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी /धनबाद।** वरीय पुलिस अधिकारियों के निदेर्शानुसार आगामी पर्व त्योहार को देखते हुए सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च किया। इसकी शुरूआत सिंदरी थाना से रोड़ा बांध गोलंबर , कुंवर सिंह चौक शहरपुरा मार्केट परिभ्रमण करते हुए पुनः सिंदरी थाना पहुंची। पदाधिकारियों ने पैदल मार्च कर लोगों से शांतिपूर्वक तरीके से त्योहार मनाने एवं जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन करने की अपील की। फ्लैग मार्च में सिंदरी थाना प्रभारी के अंगरक्षक शंभू शरण ,एस आई गौतम राय , एस आई देवचंद हंसदा, ए एस आई महादेव बाउरी एवं ए एस आई सुमित एक्का मौजूद थें।

## केजीबीभी चतरा मे 12वीं की छात्राओं को विदाई सह होलिमिलन समारोह आयोजित की गई



**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा।** कस्तूरबा गांधी सीएम बालिका आवासीय विद्यालय चतरा में 12वीं की छात्राओं को विदाई सह होलिमिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की अध्यक्ष ने कि एंव संचालन वार्डन बबिता कुमारी के द्वारा किया गया ,कार्यक्रम मे सभी शिक्षक उपस्थित थे। सभी छात्राओं को फाईल ,पेन डायरी देकर बधाई दी गयी। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम किए गए। सभी छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। 12 वीं की छात्राओं ने छात्रावास के अनुभव साझा किए। वार्डन बबिता कुमारी ने छात्राओं को बधाई देने के साथ जीवन में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू जिला अध्यक्ष सह विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राम आशीष कुमार ने कहा की बच्चियों को छठी क्लास से बारहवीं तक शिक्षकों के सानिध्य मे रहकर शिक्षा ग्रहण किये और बेहतर संस्कार पाये।विद्यालय के कुछ कमियाँ विद्यालय कैम्पस मे छोड़कर जाये और यहां के अच्छे संस्कार को लेकर जाए ये विदाई समारोह नही एक पड़ाव का आंत कहा जा सकता हैं।स्कूली शिक्षा का अंत करते हुए कॉलेजी शिक्षा मे प्रवेश करते हुए बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता पिता,गुरुजन एंव समाज का नाम रौशन करे।इस अवसर पर शिक्षिका लवली सिंह,शिक्षक राजू कुमार ,अमरनाथ सर समेत सभी शिक्षिकाएं एंव बीएड प्रशिक्षु छात्र उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत मे सभी लोगो ने एक दूसरे लोगो को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन्न किया गया।

शुक्रवार को जुम्मे की नमाज और होली त्यौहार के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पाकुड़ पुलिस ने किया फ्लेग मार्च

## सोशल मीडिया में भ्रामक वीडियो, फोटो पर सोशल मीडिया सेल की रहेगी कड़ी नजर, कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार एसडीपीओ दयानंद आजाद के नेतृत्व में होली रमजान को लेकर नगर थाना से प्रारंभ होते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में पुलिस जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया गया. वही एसडीपीओ दयानंद आजाद ने चौक चौराहों पर लोगों को होली और रमजान तथा जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए लोगों को जागरुक करते हुए दिखे. शुक्रवार को ही होली है और उसी दिन जुम्मे की नमाज भी है जिसे देखते हुए पाकुड़ पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से फ्लैग मार्च के जरिए लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का संदेश दे रहे हैं. एसडीपीओ दयानंद आजाद ने बताया कि सोशल मीडिया में भ्रामक वीडियो, फोटो एवं खबरों पर सोशल मीडिया सेल की कड़ी निगरानी है. साथ ही कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस सख़्ती से कार्रवाई करेगी. पुलिस जवानों का फ्लैग मार्च संवेदनशील क्षेत्रों में भी किया गया. साथ ही साथ यह संदेश दिया गया कि आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए हर कोई अपने अपने त्यौहार को आनंदपूर्वक मनाये. वहीं जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के वक्त होली त्यौहार के कारण पुलिस जवानों की हर एक संवेदनशील स्थान पर तैनाती की जाएगी. जानकारी के अनुसार आज नगर क्षेत्र में भी इस संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए पाकुड़ पुलिस द्वारा पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया जाएगा.

## देवरी मस्जिद में तरावीह की नमाज संपन्न। मांगी अमन चैन की दुआ



**झारखंड उजाला,संवाददाता पलामू**

**हुसैनाबाद,पलामू:**हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के देवरी कला पंचायत के देवरी गांव में स्थित मस्जिद में तरावीह की नमाज मंगलवार को संपन्न हुआ. तरावीह की नमाज हाफिज मोहम्मद शबीर ने पढ़ाई. इस दौरान कई रोजेदारों ने नमाज अदा करने सुनने का पुण्य कमाया. तरावीह संपन्न होने के बाद सामूहिक रूप से लोगों ने देश दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी, इसके बाद कमिटी के लोगों ने हाफिज मोहम्मद शबीर को नजराना देकर सम्मानित किया, मौके पर मस्जिद के इमाम मो कलाम अंसारी ने कहा की रमजान के चांद नजर आने के दिन से तरावीह की नमाज शुरू हो जाती है इस विशेष नमाज कि काफी अहमियत है .मौके पर कमिटी के संरक्षक शकील अहमद ने कहा की तमाम महीनों में रमजान का महीना सबसे अफजल है , अंत में मिलाद शरीफ व। दरूद ओ सलाम पढ़ा गया , मौके पर कमिटी के अध्यक्ष जनाब निजाम खान, सचिव जनाब तनवीर आलम, उर्फ बब्लू, वकील अहमद,अफरोज खान, आरजू खान, सैयद अफान मीर, सैयद कामरान मीर, मोहसिन खलीफा, इमरान खान, कामरान मीर, असलम खान, सरफराज खान, मुस्तफा खान, शमशेर खान, मजहरुल इस्लाम, शेख इरफान, शेख मोहसिन, वाजिद खान, साजिद खान, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे

# हजारीबाग यूथ विंग ने वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ हर्षोल्लास से मनाया होली महापर्व

**हजारीबाग यूथ विंग ने वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों संग मनाई अबीर की होली, सेवा और सम्मान का दिया संदेश**

**बुजुर्गों का सम्मान और सेवा ही सच्ची होली है, उनके आशीर्वाद के बिना त्योहार अधूरा है :झ चंद्र प्रकाश जैन**

**बुजुर्गों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य, उनके चेहरे की खुशी ही हमारी सच्ची होली है : झ करण जायसवाल**

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा समाज सेवा की अपनी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी दीपूगढ़ा स्थित वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ होली महापर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस अवसर पर बुजुर्गों को केला, सेव, संतरा, जूस, हॉर्लिक्स, बिस्कुट, स्टील थाली, ग्लास, साबुन, सर्फ, दूध, मिक्चर, मूढ़ी सहित आवश्यक वस्तुएं को आकर्षक टोकरी में सजाकर भेंट कीं और उनके साथ स्नेहपूर्वक होली मनाई। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने होली गीत प्रस्तुत किए, जिससे बुजुर्गों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने बुजुर्गों को गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया बुजुर्गों ने भी सभी उपस्थित लोगों को अपने हाथों से गुलाल लगाया और आशीर्वाद दिया। उनके चेहरे पर खुशी की झलक देखते ही बनती थी। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने संकल्प लिया कि आगे भी ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखा जाएगा और समाज में बुजुर्गों को उचित सम्मान दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि रंगों का यह पर्व तभी सार्थक होता है जब समाज के सभी वर्ग इसमें सम्मिलित हों। बुजुर्गों के आशीर्वाद के बिना यह त्यौहार अधूरा और बेरंग है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देना एक बेहद दुखद और चिंतनीय स्थिति है। उन्होंने आग्रह किया कि सभी लोग अपने माता-पिता के साथ अधिक समय बिताएं, विशेष रूप से त्योहारों पर, जिससे वे अकेलापन महसूस न करें। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। हमें उनके अनुभवों से सीखने और उन्हें सम्मान देने की आवश्यकता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारीबाग यूथ विंग ने यह सुनिश्चित किया कि बुजुर्गों को त्यौहार की खुशियों से वंचित न रहना पड़े। इस कार्यक्रम संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकाश तिवारी, प्रणीत जैन, सत्यनारायण सिंह, सनी देव,शानू सिंह, प्रिंस कसेरा, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धु, नीरज सिन्हा सहित कई लोग मौजूद रहें '. इस कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग यूथ विंग ने समाज को यह संदेश दिया कि बुजुर्ग हमारे मार्गदर्शक होते हैं और उनकी सेवा करना ही सच्ची समाजसेवा है। हर व्यक्ति को अपने परिवार के बुजुर्गों के प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट करना चाहिए और उन्हें कभी अकेला नहीं छोड़ना चाहिए।

## पंचायत समिति की बैठक संपन्न

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित पंचायत समिति की विशेष बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख ममता कुमारी और संचालन बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने किया। बैठक में 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत 2025-2026 हेतु योजनाओं के चयन के लिए प्रमुख सहित पंचायत समितियों ने विशेष चर्चा की। बैठक में बीडीओ और प्रमुख द्वारा योजनाओं का चयन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी योगेश शर्मा पंचायत समिति सदस्य योगेन्द्र यादव, शालिग्राम यादव, वकील खान, लखन दास, सतेंद्र भारती, वीरेंद्र भारती, मोहन दास, सतेंद्र दास के प्रखण्ड के सभी पंचायत समिति मौजूद थे।

## प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों एवं समाजसेवी और पत्रकारों ने जम कर खेली होली

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड प्रशासन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को प्रखंड आवास प्रांगण में आयोजित की गई।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद अंचलाधिकारी गौरव कुमार,थाना प्रभारी मानव मयंक, जिला परिषद सदस्य देवनन्दन साहू, रोहनी देवी, प्रमुख रोहन साहू के अलावे प्रखंड के सभी मुखिया और पत्रकार तथा प्रखंड के इंजीनियर और कर्मी तथा समाज सेवी भाग लिए।कार्यक्रम में होली का गीत गा कर काफी आनंद उठाया साथ हीं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दिये। साथ हीं एक साथ खाना खाने के बाद कार्यक्रम को समाप्त कर दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए म्यूजिशियन और गायकार को भी आमंत्रित किया गया था।जहां गायकारों और म्यूजिशियन ने अपने गायन और वादन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर जम कर झुमाया। होली मिलन के दौरान क्या पदाधिकारी हों या क्या कर्मी या क्या जनप्रतिनिधि या क्या इंजीनियर तथा क्या समाजसेवी सभी एक साथ जम कर झूमें। कार्यक्रम में महिला मुखिया को भी किया गया था आमंत्रित। सभी ने एक साथ मिल कर सिमरिया के लिए इतिहास कायम किया है। चुकी इस तरह कभी पूर्व में पदाधिकारियों द्वारा होली मिलन का आयोजन नहीं किया गया था। जिसके कारण यह आयोजन सुर्खियों में है।

# हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों ने मूकबधिर एवं बिरहोर बच्चों के साथ मनाई होली

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों, लाइब्रेरी के संचालक, डिफेंस एकेडमी के संचालकों ने होली का पर्व इस बार एक नए अंदाज में मनाया तथा कन्हरी रोड स्थित मूक बधिर आवासीय विद्यालय में जाकर मूक बधिर बच्चों के साथ होली मनाया तथा बिरहोर बच्चों के साथ रंग अबीर गुलाल खेलकर खुशियों और आनंद से अभिभूत हो गए। शिक्षकों ने मूकबधिर एवं बिरहोर बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया तथा कहा कि हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के सभी शिक्षक गण आप लोगों के उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए आपको निःशुल्क शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान करेंगे आपके जीवन में किसी भी प्रकार की समस्याएं आती हैं तो हम शिक्षक गण उसका निराकरण करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुक बधिर बच्चें बोल और सुन नहीं सकते लेकिन वह हमारी भावनाओं को बहुत अच्छे से समझ सकते हैं वे जीवन में कितने खुश और आनंदित हैं यह हमें प्रेरणा देती है जबकि हम सब कुछ होते हुए भी तनाव और डिप्रेशन में अपनी जिंदगी जीते हैं हमें उनसे प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। बिरहोर बच्चों के बीच जाकर शिक्षकों ने खुशी का इजहार किया बिरहोर बच्चे शिक्षकों से मिलकर काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे शिक्षकों ने मूकबधिर एवं बिरहोर बच्चों के बीच फल, बिस्किट, मिठाई, केक एवं अन्य सामग्री का वितरण कर प्रसन्नता की अनुभूति प्राप्त की। शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि हर साल हम लोग अपने परिवार के साथ, मित्र गणों के साथ, अपने समुदाय में, समाज में होली मिलन समारोह में सहभागिता निभाते हैं लेकिन इस बार मूक बधिर, बिरहोर बच्चों के साथ होली मिलन कार्यक्रम में जो आनंद की अनुभूति हुई है उसका वर्णन नहीं किया जा सकता यह हमें आत्म संतुष्टि प्रदान करती है तथा हमारे हृदय में करुणा, ममता, अपनत्व तथा दूसरों के प्रति सदैव सहयोग की भावना का संचार करती है। हमें अपने खुशियों के पल इन बच्चों के साथ बिताने चाहिए जिससे इन बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि हो तथा इन्हें प्रसन्नता की अनुभूति हो। सभी शिक्षकों ने कहा कि वह अपने बच्चों का जन्म दिवस विवाह की वर्षगांठ और अन्य खुशी के अवसर अब इन बच्चों के बीच में ही आकर मनाएंगे जिससे उन्हें सुखद अनुभूति की प्राप्ति होगी।

## छात्र छात्राओं के बिच पोषाक का वितरण



**चतरा।** जीला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चतरा में बुधवार को केजी ,वन एंव टू के छात्र - छात्राओं के बिच पोषाक का वितरण किया गया।मौके पर विधालय के प्रधानाध्यापक सतीश लाल गुप्ता,विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम आशीष कुमार ,समिति के सदस्य अजय भारती,उमा देवी ,रिमा देवी एंव अभिभावक गण एंव शिक्षक रमेश कुमार, बिनोद केसरी,कुमार चंदन,आदित्य प्रसाद,आशीष कुमार,सुरज कुशवाहा समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे।

## आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील: प्रमुख



**चतरा।** बुधवार को हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ. इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामना एवं बधाइयां दी. मौके पर प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम व भाईचारगी का संदेश देता है. इसलिए पूरी शालीनता और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाएं. वही आगे उन्होंने प्रखंड के तमाम अभिभावकों से अपील की है होली त्यौहार में अपने बच्चों को बाइक की चाभी ना दे बच्चो को बाइक देकर खतरा मोल ना लें ,इस अवसर पर प्रखण्ड के सभी प्रतिनिधियों,अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वादिष्ट पकवान का भी आनंद लिया. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप, अंचल अधिकारी अरुण मुंडा,प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, बीपीआरओ योगेश कुमार शर्मा, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, डुमरी पंचायत मुखिया पिंटू सिंह, डाहा पंचायत समिति योगेन्द्र यादव,के अतिरिक्त प्रखंडवासी व प्रखण्ड कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

## स्वामी विवेकानंद इंग्लिश एकडमी स्कूल गर्री खुर्द में बच्चों के बीच मनाई गई होली मिलन समारोह भव्य तरीके से हुआ संपन्न

**केरेडारी/हजारीबाग** : केरेडारी अंतर्गत बारियातू पंचायत के स्वामी विवेकानंद एकडमी स्कूल गर्री खुर्द में बच्चों के बीच मनाई गई होली मिलन समारोह। होली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर हमारे विद्यालय में वार्षिक रंगों की त्यौहार की मिलन समारोह का आयोजन किया गया एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इसमें सभी बच्चे बढ़-चढ़कर भाग लिए इस आयोजन का सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ,उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार, प्रमोद कुमार रवि, सूरज कुमार, सचेत मोहन , लक्ष्मी मेम, सोनिया कुमारी ,जयंती कुमारी रिना मेम और कांति मेम ने अपना सहयोग दि। साथ ही बच्चों ने काभी खुशी हुई। तथा इस विद्यालय ने देश के भविष्य के पर्ती बच्चों को जागरूक करना, अनुशासन बनाए रखना, पढाई पर विशेष जोर ध्यान देना , समय -समय पर परीक्षा करवाना ही इस विद्यालय के उद्देश्य है। तथा यूकेजी से लेकर दसवीं तक के बच्चे ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले से गले मिलाया एवं शिक्षकों से आशीर्वाद लिया सभी बालक एवं बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## विनर डिफेंस अकादमी के द्वारा होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि ने भाईचारगी के साथ होली मनाने का किया अपील

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग:** विनर डिफेंस अकादमी के द्वारा कैनरी हिल में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से विनर डिफेंस अकादमी के कोच मुकेश कुमार, अनुज कुमार एवं कौशल कुमार नें होली के परंपरागत तरीके से मनाए जाने और सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाए दी। अकादमी शिक्षकों ने जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता का अबीर- गुलाल लगाकर समारोह में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने सभी को अबीर- गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सौहार्द एवं भाईचारगी के साथ होली का पर्व मनाने का अपील किया। इस मौके पर रवि कुमार, गौतम कुमार, मिथिलेश कुमार, दिनेश कुमार, दिवाकर कुमार, शिबू कुमार, शेखर कुमार, अभिषेक कुमार, अंशु कुमार, नीरज कुमार, पवन कुमार, सनी कुमार, पंकज कुमार, अंशु कुमार, रामप्रीत कुमार, उज्जवल कुमार, आयुष कुमार, आनंद कुमार, रौशन कुमार, रानी कुमारी, रिंकि कुमारी, ललिता कुमारी, रुक्मणि कुमारी, पुष्पा कुमारी, पंको कुमारी, पूजा कुमारी, सीमा कुमारी, मोनिका कुमारी, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, रौशनी कुमारी, सरस्वती कुमारी, रीता कुमारी, मनीषा कुमारी, अनिशा कुमारी एवं कोमल कुमारी सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# अपनी डाइट में शामिल करें ये 5 फूड कभी कमजोर नहीं होंगी आपकी आंखें

हमारे खानपान का शरीर के हर अंग पर प्रभाव पड़ता है। भले ही वह छोटी सी आंखें क्यों न हों। अगर आप चाहती हैं कि आपकी आंखों की सेहत यूं ही बनी रहे तो आप इन खाद्य पदार्थों को अपने आहार में जरूर शामिल करें।

आंखें हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। यह देखने में भले ही छोटी हो, लेकिन इन छोटी-छोटी आंखों की मदद से ही हम इतनी बड़ी दुनिया को देख पाते हैं। शरीर के अन्य अंगों की भांति इसे भी सही देख-रेख की जरूरत होती है, हालांकि हम इसकी सेहत को लेकर काफी लापरवाह होते हैं। घंटों स्क्रीन पर बैठना या खानपान पर ध्यान न देना कुछ ऐसी आदतें हैं, जो आपकी आंखों की सेहत को प्रभावित करती हैं। इतना ही नहीं, इसके कारण बेहद कम उम्र में ही लोगों को चश्मा लग जाता है, लेकिन अगर आप चाहते हैं कि आपकी आंखों की सेहत यूं ही बरकरार रहे तो यह जरूरी है कि आप अपने आहार पर भी फोकस करें। ऐसे कई खाद्य पदार्थ होते हैं, जो आपकी आंखों की रोशनी को तेज करते हैं और इनके सेवन से आपको आंखों के संबंधित किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

आई स्पेशलिस्ट डॉ. रत्नमाला मृणालिनी कहती हैं कि अगर आप अपनी आंखों को हमेशा सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे फूड्स को अपने आहार में शामिल करें, जिसमें विटामिन ए की मात्रा अधिक से अधिक हो। इसके अलावा आपको येलो कलर फूड एवं हरी पत्तेदार सब्जियां भी आपकी आंखों के लिए बेहद फायदेमंद होती है। इसलिए इन खाद्य पदार्थों को किसी न किसी रूप में अपने आहार में जरूर जगह दें।

**आज से करें शुरू**



### गाजर

गाजर में विटामिन ए और बीटा कैरोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसमें मौजूद बीटा कैरोटीन के कारण ही गाजर का रंग नारंगी होता है। जैसा कि पहले भी बताया गया है कि विटामिन ए आपकी आंखों को हेल्दी बनाने में मदद करता है। यह प्रोटीन का एक काम्पोनेंट है, जिसे रोडोप्सिन कहा जाता है। यह रोडोप्सिन ही रेटिना को प्रकाश को अवशोषित करने में मदद करता है।

### अंडे

अंडे ल्यूटिन और जेक्सैंथिन का एक बेहतरीन स्रोत हैं, यह बढ़ती उम्र में होने वाली आंखों की समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, अंडे में विटामिन सी और ई और जिंक भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

### कच्ची लाल शिमला मिर्च

इसमें न सिर्फ विटामिन सी उच्च मात्रा में पाया जाता है, बल्कि यह आंखो में मौजूद ब्लड वेसल्स के लिए भी काफी अच्छी मानी जाती है। इसके सेवन से आपको मोतियाबिंद होने का जोखिम काफी कम हो जाता है। लाल शिमला मिर्च के अलावा अन्य कलरफुल शिमला मिर्च भी आंखों के लिए काफी अच्छी और फायदेमंद होती हैं, क्योंकि इनमें विटामिन ए और विटामिन ई मौजूद होता है।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे मेथी पालक आदि विटामिन सी और ई से भरपूर होती हैं। इनमें कैरोटिनॉयड्स ल्यूटिन और जेक्सैंथिन भी होता है। इतना ही नहीं, इनमें पाया जाने वाला विटामिन ए लंबे समय में आंखों को होने वाली कई तरह की बीमारियों जैसे एएमडी और मोतियाबिंद से बचाता है।

### डेयरी प्रॉडक्ट

डेयरी प्रॉडक्ट जैसे दूध और दही आदि आंखों के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। इनमें विटामिन ए के साथ-साथ खनिज जिंक भी पाया जाता है। जहां, विटामिन ए कॉर्निया की रक्षा करता है वहीं, जिंक विटामिन ए को लिवर से आंखों तक पहुंचाने में मदद करता है। यह एक महत्वपूर्ण मिनरल है, जो मोतियाबिंद और नाइट विजन जैसी परेशानियों से आंखों की रक्षा करता है। आप डेयरी प्रॉडक्ट्स को कई तरह से सेवन कर सकते हैं। चाहे तो आप दूध को यूं ही पिएं या फिर आप दही को नाश्ते या लंच के समय खाएं।

# काजल लगाते समय अपनाएं ये 5 टिप्स, आप पर ठहर जाएंगी सबकी नजरें

अच्छे आईमेकअप के बगैर आपका लुक कंप्लीट नहीं होगा। आईमेकअप की बात करें तो सबसे पहले बात काजल लगाने की आती है। काजल लगाना भी एक आर्ट है, जो सबके बस की बात नहीं। ज्यादातर महिलाएं काजल को साधारण तरीके से ही लगाती हैं। पर इन टिप्स को अपना कर आपकी आंखों की खूबसूरती और बढ़ जाएगी।



### टोनर से साफ करें चेहरा

काजल लगाने से पहले बहुत जरूरी है कि आप अपना चेहरा टोनर से साफ कर लें। इससे त्वचा पर मौजूद तेल साफ हो जाएगा और काजल नहीं फैलेगा। पसीने से बचने के लिए चेहरे और आंखों के आसपास बर्फ भी रगड़ सकती हैं।

### काजल को करें सेट

काजल को फैलने से बचाने के लिए उसे सेट कर लें। इसके ब्लैक आईशैडो पाउडर का इस्तेमाल करें। काजल का आप रोजाना यूज करती हैं तो आंखों के नीचे ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाएं। इससे काजल लंबे समय तक टिका रहेगा।

### बाहरी कोनों पर लगाएं पाउडर

लंबे समय तक काजल टिका रहे इसके लिए अपनी आंखों के बाहरी कोनों पर अच्छी तरह पाउडर लगाएं। इससे आंखों के बाहरी कोने ड्राई हो जाएंगे। अब काजल लगाएं। काजल लगाने के बाद आइलिड पर जरा सा न्यूट्रल कलर का आईशैडो ब्रश से फैला लें। इससे काजल जल्दी सूख जाएगा और टिका रहेगा।

### लॉग स्टे काजल लगाएं

अगर आंखों की खूबसूरती बरकरार रखनी है तो लंबे समय तक टिके रहने वाले काजल लगाएं। इससे आप जो भी आईमेकअप करेंगी, उसमें आपका लुक निखरकर सामने आएगा। काजल हमेशा अच्छी कंपनी का ही लगाएं।

### काजल लगाने के बाद आईशैडो लगाएं

काजल लगाने के बाद वाटर लाइन के बाहर हल्का सा आईशैडो लगाएं। आईशैडो ब्रश से इसे हल्का सा मर्ज कर लें। इससे काजल फैलेगा नहीं और आंखें बहुत खूबसूरत दिखेंगी।

## रेसिपी



### शलजम का भर्ता

**सामग्री**

■ शलजम: 300 ग्राम ■ टमाटर पेस्ट: 200 ग्राम ■ 2 हरी मिर्च का पेस्ट ■ ½ कप मटर के दाने ■ कटा धनिया: 2-3 टेबलस्पून ■ तेल: 2 टेबलस्पून ■ चुटकी भर हींग ■ जीरा: ½ टीस्पून ■ अदरक का पेस्ट: 1 टीस्पून ■ आधा नींबू ■ हल्दी: ½ टीस्पून ■ धनिया पाउडर: 1 टीस्पून ■ लाल मिर्च पाउडर: ½ टीस्पून ■ गरम मसाला: ½ टीस्पून ■ चीनी: 1 टीस्पून ■ नमक- स्वाद के अनुसार

**विधि**

कुकर में 1 टेबलस्पून चम्मच तेल डालकर इसमें जीरा, हींग, अदरक का पेस्ट, हल्दी, धनिया पाउडर, कटी शलजम, लाल मिर्च और नमक डालकर भूनें। इसके बाद पानी डालकर 1 सीटी लगाएं। फ्राइंगपैन में बचा तेल डालें। बचे मसाले और मटर डालें। इसमें उबली शलजम डालकर अच्छी तरह भूनें। ऊपर से धनिया डालकर गार्निश करें।



### मटर कचौरी

**सामग्री**

■ गेहूं का आटा या मैदा: 2 कप ■ तेल: 2 टीस्पून ■ नमक: स्वाद के अनुसार ■ हरी मटर : 1 कप ■ तेल पिट्ठी भूनने के लिए: 2 टीस्पून ■ हींग: चुटकी भर ■ जीरा: 1/2 टीस्पून ■ धनिया पाउडर: 1 टीस्पून ■ सौंफ पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ लाल मिर्च पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ गरम मसाला: 1 टीस्पून ■ अमचूर पाउडर: 1/4 टीस्पून ■ हरी मिर्च बारीक कटी हुई ■ 1 इंच अदरक ■ तेल तलने के लिए

**विधि**

गूंथे हुए आटे को सेट होने 20 मिनट एक तरफ रख दें। पिट्ठी तैयार करने मटर के दानों को ग्राइंडर में दरदरा पीस लें। पैन में तेल डालकर गर्म करें। फिर उसमें हींग और जीरा डालें। जीरा ब्राउन होने के बाद धनिया पाउडर, सौंफ, हरी मिर्च, अदरक डालकर हलका सा भूनें और मटर का पेस्ट डालें। फिर लाल मिर्च, गर्म मसाला, अमचूर, हरा धनिया और नमक डालकर मटर को 3-4 मिनट तक भूनें। अब पिट्ठी तैयार है। नींबू के आकार का आटा लेकर लोई बनाएं। उसके बीच में एक छोटी चम्मच पिट्ठी भरकर गोल करें। अब भरी हुई लोई का आकार थोड़ा बढ़ा लें, इससे लोई में मटर की पिट्ठी एकसार हो जाती है। भरी हुई लोई को बेल लें। इसी तरह बाकी कचौरियां भी तैयार कर लें। बेली हुई कचौरी को एक-एक करके गर्म तेल में डालें और पलट कर दोनों ओर से सेंकें। तली हुई कचौरियां किसी प्लेट पर पेपर नैपकिन बिछाकर निकाल लें। इसी तरह सारी कचौरियां तल लें। अब कचौरियों को हरे धनिए की चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

# आर्थिकी के जरिए नेतृत्व स्थापित करने की कोशिश



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में मध्य प्रदेश सरकार को कुल 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से देश के दूसरे नंबर के बड़े कारोबारी और उद्योपति समूह अडानी की ओर से अकेले दो लाख दस हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला। रीगन-थैचर थ्योरी वाली अर्थव्यवस्था आज वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य हो गई है। राजकाज में अर्थव्यवस्था का महत्व हमेशा से रहा है, लेकिन उदारीकरण के दौर में अर्थव्यवस्था राजनीति का केंद्रीय विषय बन गया है। ऐसे माहौल में राजनीतिक कामयाबी की शर्त के लिए बेहतर आर्थिकी ना होती तो ही हैरत होती। शायद यही वजह है कि अब राजनीति चाहे किसी भी विचारधारा वाली क्यों न हो, सत्ता में आने के बाद उसकी प्राथमिकता आर्थिकी को सुधारने और अपने लिए ज्यादा से ज्यादा निवेश हासिल करना हो गई है। इस दौर में जितना ज्यादा निवेश आकर्षित हुआ, राजनीतिक कामयाबी की संभावना उतनी ही बढ़ जाती है। इन संदर्भों में कह सकते हैं कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने नेतृत्व को राज्य में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। साल 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद बीजेपी ने मध्य प्रदेश की कमान मोहन यादव को जब सौंपी थी, तब उनकी पहचान राज्य से बाहर कम ही थी। जनसंख्या के लिहाज से पांचवां और क्षेत्रफल के लिहाज से दूसरे बड़े राज्य मध्य प्रदेश की बीजेपी में दिग्गज नेताओं की भरमार थी। बेशक मोहन यादव मुख्यमंत्री बनने से पहले शिवराज सरकार में शिक्षा मंत्री के रूप में काम कर रहे थे, लेकिन राज्य के बाहर उनकी बड़ी पहचान नहीं थी। लेकिन बीते 25 और 26 फरवरी को राज्य की राजधानी भोपाल में सफल ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के आयोजन और उसमें मिले भारी-भरकम निवेश प्रस्तावों के बाद उनका कद बढ़ना स्वाभाविक है।

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में मध्य प्रदेश सरकार को कुल 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से देश के दूसरे नंबर के बड़े कारोबारी और उद्योपति समूह अडानी की ओर से अकेले दो लाख दस हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला। मध्य प्रदेश जैसे बहुरंगी राज्य में भारीभरकम निवेश का प्रस्ताव आना स्वाभाविक भी है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के पहले संभाग स्तर पर भी मध्य प्रदेश सरकार निवेशकों को आमंत्रित करती रही। उसमें भी उसे करीब चार लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले। अगर से प्रस्ताव पूरी तरह से शत-प्रतिशत अंदाज में लागू हुए तो उम्मीद की जा रही है कि इससे राज्य में सीधे तौर 17 लाख 34 हजार रोजगार पैदा होंगे, जबकि उससे जुड़ी गतिविधियों से राज्य की अर्थव्यवस्था को और गति मिलेगी और दूसरे छोटे कारोबार भी बढ़ेंगे, जिनसे आखिरकार दूसरे तरह के रोजगार भी बढ़ेंगे।



मध्य प्रदेश में पिछले दस साल के निवेश प्रस्तावों के कार्यान्वयन के आंकड़ों को देखें तो पहले पांच साल में प्रस्तावों के दस प्रतिशत निवेश का ही जमीनी क्रियान्वयन हो पाया है। मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा बीते पांच सालों के निवेश प्रस्तावों का अध्ययन किया है। उनके मुताबिक, तब भी मध्य प्रदेश की सरकारें निवेश प्रस्तावों के लिए प्रयासरत रहीं और तब जितने निवेश प्रस्ताव मिले, उनमें से करीब चौदह से सोलह प्रतिशत सालाना ही जमीनी हकीकत बन पाए। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में यह सवाल मध्य प्रदेश के मुख्यसचिव अनुराग जैन के सामने उठा भी। अनुराग जैन के अनुसार, यह मसला राज्य सरकार की जानकारी में भी है। इसलिए जिलावार ऐसे प्रस्तावों को साप्ताहिक स्तर पर समीक्षा करने और उसे जमीनी हकीकत बनाने की तैयारी की गई है। जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके जिले के लिए जो भी प्रस्ताव आए हैं, उन्हें जमीनी हकीकत बनाने, निवेशकों को जरूरी वैधानिक जरूरतों को पूरा करने की कोशिश उनके स्तर पर ही होनी चाहिए। मध्य प्रदेश के मुख्यसचिव के स्तर पर निवेश प्रस्तावों पर मासिक रूप से समीक्षा की जाएगी।

आधुनिक आर्थिकी का फॉमूर्ला है कि अगर एक रूपया कारोबारी अर्थव्यवस्था में डाला जाता है तो वह चार रूपए की आर्थिकी में तबदील होता है और वही रूपया अगर खेती-किसानी में जाता है तो खेती-किसानी की आर्थिकी में वह साढ़े तीन गुना की आर्थिकी बनाता है। मध्य प्रदेश के निवेश प्रस्तावों को इस फॉमूर्ले के नजरिए से भी बेहद उम्मीद से देखा जा रहा है।

मध्य प्रदेश पिछले एक दशक से बड़े राज्यों में तेजी से विकसित होने वाला राज्य है। छोटे राज्यों में यह हैसियत सिक्किम को हासिल है। मध्य प्रदेश को सबसे ज्यादा करीब आठ लाख 616 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव औद्योगिक नीति और निवेश विभाग को मिले हैं, जबकि दूसरे स्थान पर करीब पांच लाख 72 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र के लिए मिले हैं। मध्य प्रदेश की जैसी स्थिति है, उसकी वजह से अगर ये निवेश प्रस्ताव जमीनी हकीकत बने तो आने वाले दिनों में यह राज्य नवीन ऊर्जा का केंद्र बन जाएगा।

निवेश प्रस्तावों की चर्चा करते वक्त हमें पिछली सदी के आखिरी वर्षों को भी याद कर लेना चाहिए। जब केंद्र में वाजपेयी सरकार थी तो उसने उदारीकरण के अगले चरण की शुरूआत की थी। इसके तहत अर्थव्यवस्था में एफडीआई का जोर बढ़ा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल करने के लिए राज्य सरकारों में होड़ मची। केंद्रीय स्तर पर भी तेज प्रयास हो रहे थे, लेकिन राज्यों में भी होड़ मची। तब वामपंथ शासित पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा के साथ ही बिहार जैसे राज्यों ने एफडीआई में अपनी नीतियों के चलते दिलचस्पी नहीं दिखाई या फिर कानून-व्यवस्था की स्थिति के चलते निवेशक वहां आने से हिचकते रहे। बाद के दिनों में पश्चिम बंगाल की बुद्धदेव भट्टाचार्य सरकार ने पश्चिम बंगाल में तेजी से निवेश करने की कोशिश की तो वहां की राजनीति में भूचाल आ गया। राज्य की मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ताजपोशी उसी भूचाल का नतीजा कही जा सकती है। यह बात और है कि अब पश्चिम बंगाल में भी कहा जाने लगा है कि अगर बुद्धदेव भट्टाचार्य की निवेश कोशिशें परवान चढ़तीं और राजनीति नहीं होती तो पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति कुछ और होती। बंगाल के सिंगूर प्रोजेक्ट को ही गुजरात में सफलता पूर्वक ले जाकर और उसे स्थापित करने के बाद नरेंद्र मोदी ने विकास के गुजरात मॉडल का फॉमूर्ला पेश किया और देखते ही देखते आर्थिक सफलता के साथ वे राजनीति की सीढ़ियों पर चढ़ते चले गए। मध्य प्रदेश में भी कुछ उसी अंदाज में निवेश की उम्मीद जताई जा रही है और माना जा रहा है कि अगर ये निवेश सफल हुए तो मध्य प्रदेश की छवि औद्योगिक और कारोबारी राज्य के रूप में उभरेगी। अगर ऐसा होता तो मोहन यादव का नेतृत्व मध्य प्रदेश में नए रूप में उभर सकता है। दिग्गजों से भरी मध्य प्रदेश बीजेपी के अंदरूनी प्रभामंडल में बीजेपी के नए और मजबूत चेहरे के रूप में मोहन यादव स्थापित हो सकते हैं। लेकिन अगर निवेश प्रस्ताव नाकाम हुए, अगर वे पूरी तरह जमीनी स्तर पर नहीं उतरे तो तय है कि इससे राज्य प्रशासन और सरकार की किरकिरी होगी, इसका असर मोहन यादव की राजनीति पर भी पड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि वे इसे पूरा करें।




**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। पारिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ? से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। संपर्कों के जरिए प्रगति के नए अवसर मिलेंगे, जिससे ऊर्जा व उत्साह से परिपूर्ण रहेंगे। पैतृक संपत्ति से धनलाभ होने के योग रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत का ख्याल रखें। यात्रा लाभदायी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन आर्थिक रूप से लाभकारी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा। नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। व्यक्तिगत स्वार्थ हावी हो सकता है। सेहत संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कारोबार के सिलसिले में यात्रा भी कर सकते हैं। परिवार में किसी से मनमुटाव की संभावना रहेगी।


**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। बेरोजगारों को रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापारियों को थोड़ी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में कार्यभार बढ़ेगा और खर्च की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। सामाजिक कार्यों में मन लगेगा व समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण करेंगे। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि :-** आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार की स्थिति सामान्य रहेगी। सफलता के कई अवसर हाथ आएंगे, लेकिन काम का बोझ बढ? से कई मौके हाथ से फिसल भी सकते हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, इसलिए वाणी पर संयम रखकर वाद-विवाद से बच सकते हैं। सामाजिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। निवेश सोच समझकर करें। यात्रा पर जाने से बचें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# मुस्लिम समुदाय का भरोसा जीतने में सफल हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत

निश्चित रूप से संघ प्रमुख अपने विचारों से मुस्लिम समुदाय का भरोसा जीतने में सफल रहे हैं। विगत माह नई दिल्ली में मोहन भागवत से मुस्लिम बुद्धिजीवियों के एक प्रतिनिधिमंडल की सार्थक को भी इसी भरोसे का परिचायक कहना गलत नहीं होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हमेशा ही अपने भाषणों में देश की प्रगति के लिए सांप्रदायिक सौहार्द और सद्भाव के माहौल को पहली आवश्यकता बताया है। गौरतलब है कि विगत दिनों उन्होंने ज्ञानवापी मस्जिद विवाद पर दो टूक लहजे में कहा था कि हर मस्जिद में शिवलिंग खोजने की मानसिकता का हमें परित्याग करना चाहिए। भागवत ने मंदिर मस्जिद विवादों को आपसी बातचीत से सुलझाने पर जोर दिया था। संघ प्रमुख ने धर्म ससद में साधु-संतों द्वारा दिए गए कथित आपत्तिजनक बयानों से असहमति जताते हुए उसे हिंदुत्व के खिलाफ बताया था। संघ प्रमुख ने अयोध्या विवाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद यहां तक कहा था कि संघ अब किसी आंदोलन का हिस्सा नहीं बनेगा। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि देश में भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव का निर्मित करने में सरसंघचालक मोहन भागवत के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। इस दिशा में समय समय पर मोहन भागवत ने जो विचार व्यक्त किए हैं उसका मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने जिस तरह तहे दिल से स्वागत किया है उससे यही संदेश मिलता है कि मोहन भागवत हमेशा ही अपने भाषणों में जिस हिंदुत्व की चर्चा करते हैं वह सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करता है। निश्चित रूप से संघ प्रमुख अपने विचारों से मुस्लिम समुदाय का भरोसा जीतने में सफल रहे हैं। विगत माह नई दिल्ली में मोहन भागवत से मुस्लिम बुद्धिजीवियों के एक प्रतिनिधिमंडल की सार्थक को भी इसी भरोसे का परिचायक कहना गलत नहीं होगा।

यहां यह भी विशेष उल्लेखनीय है कि मुस्लिम बुद्धिजीवियों के साथ हुई इस बैठक के पहले भी संघ प्रमुख की मुस्लिम नेताओं से भेंट हो चुकी है ।उस समय चर्चा का मुख्य विषय रही था कि देश में सांप्रदायिक सद्भाव और सौहार्द्र के वातावरण को और मजबूती प्रदान करने के लिए किस तरह की पहल की जानी चाहिए। विगत माह नई दिल्ली में संघ प्रमुख के चर्चा पर मुस्लिम बुद्धिजीवियों के प्रतिनिधि मंडल ने जो संतोष व्यक्त किया है उससे यह संदेश भी मिलता है कि सांप्रदायिक सौहार्द्र के संबंध में संघ प्रमुख के विचारों का मुस्लिम बुद्धिजीवियों के लिए विशेष महत्व है । यह निश्चित रूप से हर्ष का विषय है कि मुस्लिम बुद्धिजीवियों और संघ प्रमुख के बीच विचारों के आदान-प्रदान का यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि सकारात्मक माहौल में हुए सार्थक संवाद से अनुकूल परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इसी भावना से प्रेरित होकर देश के प्रमुख मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने गत माह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को एक पत्र लिखकर उनसे मुलाकात के लिए समय प्रदान करने का आग्रह किया था। मोहन भागवत के साथ बातचीत के लिए पहुंचे मुस्लिम बुद्धिजीवियों के प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी,



दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और सेवा निवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जमीरुद्दीन शाह, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी और समाज सेवी सईद शेरवानी शामिल थे। बैठक में भाजपा के पूर्व महासचिव रामलाल की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। संघ प्रमुख ने मुस्लिम बुद्धिजीवियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद हाल में ही अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख डा.उमर अहमद इलियासी से भी मुलाकात की । यह मुलाकात नई दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित मस्जिद में हुई जिसमें संघ प्रमुख के साथ संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी कृष्ण गोपाल, इंद्रेश कुमार और रामलाल भी मौजूद थे। लगभग एक घंटा चली इस बैठक में भागवत के सद् विचारों से अभिभूत उमर इलियासी द्वारा उन्हें राष्ट्र ऋषि और राष्ट्र पिता का संबोधन देना भागवत के प्रति देश के मुस्लिम समुदाय के लोगों के गहरे स्नेह और आदर भाव को प्रदर्शित करता है।

इसमें दो राय नहीं हो सकती कि संघ प्रमुख मोहन भागवत अपनी संवेदनशीलता और विशालहृदयता से देश के मुस्लिम समुदाय का भरोसा जीतने में सफल हुए हैं। उमर इलियासी और भागवत के बीच भेंटवार्ता के दौरान राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार की उपस्थिति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भागवत से बातचीत के बाद उमर अहमद इलियासी के भाई सुहैब इलियासी ने कहा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत को हम लोगों ने अपने स्वर्गीय पिता की पुण्यतिथि पर आमंत्रित किया था। उनके यहां आने पर हमारे बीच जो सार्थक चर्चा हुई उससे देश में अच्छा संदेश गया है। हमारे बीच इस बात पर पूरी सहमति थी कि देश की प्रगति के सांप्रदायिक सौहार्द्र का माहौल जरूरी है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने मुस्लिम लीग के प्रतिनिधि मंडल और अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख की सरसंघचालक से भेंट को संवाद की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बताते हुए कहा है कि संघ प्रमुख देश के हर वर्ग के लोगों से मिलते हैं। देश में सांप्रदायिक सद्भाव और सौहार्द्र के माहौल को और मजबूती प्रदान करने की मंशा से मुस्लिम बुद्धिजीवियों और अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख की संघ प्रमुख मोहन भागवत से पिछले दिनों हुई मुलाकातों का यह सिलसिला आगे भी जारी रहने की संभावनाओं ने समाज की उन ताकतों को परेशान कर रखा है जिन्हें देश में आपसी भाईचारे और अमन चैन कायम करने की दिशा में ऐसी मेल मुलाकातों के सार्थक परिणाम सामने आने की चिंता सताने लगी है।

# लौटता मानसून

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र इस मौसम में पहली बार लगातार बारिश का गवाह बना है। इससे एक ओर जहां खुशी है, वहीं जलभराव से जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश कम या ज्यादा लगातार हो रही है और आने वाले दो दिनों तक इसी सिलसिले का अनुमान है। सड़क से लेकर हवाई यातायात तक असर पड़ा है, कुछ सरकारी कार्यालयों में भी जलभराव से समस्या हो गई है। आठवीं तक के बच्चों के लिए स्कूलों को बंद कर दिया गया है। जिन रास्तों पर जलभराव है, उनको छोड़कर अन्य रास्तों पर लोगों को चलने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। ध्यान रहे, ज्यादा बारिश की वजह से विगत दस दिन के अंदर ही उत्तर प्रदेश में दो बेहद दुखद दुर्घटनाएं हुई हैं। लखनऊ में दीवार गिरी थी, जिसमें नौ लोगों की मौत हुई, तो नोएडा में दीवार गिरने से चार की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश में ही बारिश बीस से ज्यादा लोगों को काल के गाल में ले गई है।

जाते मानसून के समय की यह बारिश तनाव दे रही है, तो इसके लिए पश्चिमी विक्षोभ को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। आमतौर पर मानसून 25 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी से विदा हो जाता है, लेकिन इस बार कुछ देरी से जाएगा। मौसम विभाग ने सावधानी बरतते हुए येलो एलर्ट जारी कर रखा है। दिल्ली के अलावा गुरुग्राम और नोएडा जैसे कमाऊ क्षेत्रों में जलभराव की शिकायत गंभीर है। अफसोस की बात है, हम बारिश को चंद दिनों की समस्या मानकर स्थायी समाधान से बच रहे हैं। शहरों को बारिश जनित समस्याओं से बचाने के लिए जितने प्रयास होने चाहिए, नहीं हो पा रहे हैं। बेशक, हमारे बड़े शहर अपनी क्षमता से कई गुना ज्यादा दबाव झेल रहे हैं, लेकिन लोगों को उनकी समस्याओं के साथ अपने हाल पर नहीं छोड़ना चाहिए। ध्यान रहे, मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। भारी बारिश के बीच आने वाले हफ्तों में डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी की आशंका है। लोगों को आसपास जलभराव न होने देने और शरीर ढकने वाले वस्त्र पहनने की सलाह दी गई है। ध्यान रहे, अकेले राष्ट्रीय राजधानी में इस साल अब तक डेंगू के 396 मामले सामने आए हैं। 17 सितंबर तक इस महीने में ही डेंगू के कुल 152 मामले दर्ज किए गए हैं। मतलब सावधानी समय की मांग है।

बारिश के कारण तात्कालिक चिंता बढ़ी है, लेकिन वास्तव में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड जैसे राज्य कुल मिलाकर बारिश की कमी का सामना कर रहे हैं। दिल्ली में भले ही पिछले सप्ताह सामान्य से 192 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है, लेकिन पूरे मौसम में दिल्ली में 28 प्रतिशत कम बारिश हुई है। उत्तर प्रदेश और बिहार में तो सामान्य से 31 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जबकि झारखंड में 20 प्रतिशत कम। अब हो रही बारिश सांत्वना या राहत की तरह है, लेकिन पूरे मौसम में जो कमी रह गई है, उसे शायद दूर नहीं किया जा सकता। इस साल मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और दक्षिण के राज्य बहुत खुशनसीब रहे हैं, जहां जरूरत से ज्यादा बारिश हुई है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में भी ठीकठाक बारिश हो चुकी है। ज्यादा चिंता पंजाब को लेकर है, हालांकि, उसे नहरों के जरिये कृषि के लिए पर्याप्त पानी मिल जाएगा। वैसे इस साल देश में धान उत्पादन में चार प्रतिशत की कमी का अनुमान लगाया गया है। बहरहाल, ज्यादा चिंता बेतरतीब बसते बड़े शहरों की है, जो चंद दिन बारिश से परेशान रहेंगे और आठ महीने जलाभाव का तनाव भी झेलेंगे।

# गिरावट की मुद्रा

एक बार फिर डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में चिंताजनक गिरावट दर्ज हुई है। इससे स्वाभाविक ही भारत को महंगाई के मोर्चे पर लड़ने में कठिनाई पैदा हो गई है। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में एक डालर की कीमत इक्यासी रुपए नौ पैसे आंकी गई, जो कि अब तक का सबसे निचला स्तर है। रुपए के अवमूल्यन के पीछे बड़ी वजह अमेरिकी फेडरल बैंक की ब्याज दरों में सख्ती, डालर का मजबूत होना और भारत में निवेशकों का भरोसा कमजोर होना माना जा रहा है। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए अपनी मौद्रिक नीति में सख्ती का रुख अपनाए हुए है, जिसका कुछ सकारात्मक परिणाम भी नजर आया है। मगर रुपए की कीमत में गिरावट महंगाई से पार पाने और निवेश आकर्षित करने की दिशा में चुनौतियां पेश करेगी। भारत पेट्रोलियम पदार्थों और खाद्य तेलों के मामले में बड़े पैमाने पर दूसरे देशों पर निर्भर है। जब रुपए का अवमूल्यन होता है तो वस्तुओं के आयात पर अधिक खर्च करना पड़ता है, जिसका अर्थ है कि उन वस्तुओं की कीमतें घरेलू बाजार में बढ़ जाती हैं। रुपए के अवमूल्यन से पार पाने के लिए आयात के मुकाबले निर्यात बढ़ाने की रणनीति अपनानी पड़ती है। मगर निर्यात के मामले में भारत अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रहा।

रुपए के अवमूल्यन का असर विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। भारतीय शेयर बाजार का रुख कमजोर बना हुआ है, विदेशी निवेशकों में उत्साह नजर नहीं आ रहा। इसके चलते लगातार विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा है। फिर सबसे बड़ी चुनौती चालू खाता घाटे से पार पाने का होता है। भारत का चालू खाता घाटा पहले ही चिंताजनक स्तर पर है, रुपए के अवमूल्यन से इसके और बढ़ने की आशंका है। सकल घरेलू उत्पाद में औद्योगिक विकास दर की भागीदारी काफी नीचे चल रही है। सरकार उसे रफ्तार देने और निवेश आकर्षित करने के लिए करों में कटौती, कर्ज माफी, उद्योग-धंधे लगाने संबंधी नियम-कायदों और श्रम कानूनों को लचीला बनाने का प्रयास करती रही है।

मगर इसका असर नजर नहीं आ रहा। ऐसे में रुपए के अवमूल्यन से एक बार फिर कच्चे तेल की खरीद और अंततः पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि होगी। इसका असर उद्योगों की लागत पर पड़ेगा। इससे मुद्रास्फीति बढ़ेगी। अभी रिजर्व बैंक ने माना है कि अगर महंगाई छह फीसद तक रहती है, तो अर्थव्यवस्था में बेहतरी की उम्मीद बलवती होगी, मगर खुदरा महंगाई इस स्तर पर भी नहीं पहुंच पा रही। आगे के दिनों में महंगाई पर काबू पाने की संभावना भी धुंधली बनी हुई है, क्योंकि इस बार बरसात पर निर्भर फसलों का उत्पादन लक्ष्य से काफी कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। असमान वर्षा ने आगामी फसलों के लिए भी परेशानी पैदा कर दी है। ऐसे में रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं की कीमतों पर काबू पाना भी कठिन हो सकता है। पहले ही सरकार कुछ जिन्सों के निर्यात पर रोक और कुछ पर आयात शुल्क घटा कर महंगाई को काबू में करने का प्रयास कर चुकी है। मगर यह तरीका लंबे समय तक नहीं आजमाया जा सकता। सरकार दावा तो करती है कि कोरोना काल के बाद निर्यात में तेजी आई है और लक्ष्य से अधिक निर्यात हुआ है, मगर हकीकत सामने है कि रुपए का अवमूल्यन हो रहा है। इसे रोकने के लिए जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पाद के लिए अधिक से अधिक जगह घेरने का प्रयास किया जाए।



## संक्षिप्त खबर

### सिंचाई विभाग के वेतनभोगी कर्मचारियों का सात सूत्री मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन



**सहरसा :** मौसमी-दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों से काम लेने के बाबजूद भी मजदूरी का भुगतान अब तक नहीं करने के खिलाफ सहित सात सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य सिंचाई विभाग मौसमी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी यूनियन(महासंघ गोपगुट) के बैनर तले कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल सहरसा के समक्ष विशाल आक्रोशपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं कार्यालय का घेराव जमकर हल्ला बोला। कर्मचारी महासंघ(गोपगुट) के राज्य सलाहकार माधव प्रसाद सिंह ने कहा कि नहरी क्षेत्र के किसानों को खेत तक पानी पहुंचाने के नाम पर विभाग में सैकड़ो करोड़ का घोटाला हो रहा है लेकिन नहर पर काम करने वाले मौसमी मजदूरों के मजदूरी देने के लिए राशि नहीं है इस मजदूरी घोटाला का जाँच होनी चाहिए और उन्होंने कहा कि विभाग में काम करने वाले दैनिक वेतनभोगी बिजली मिस्त्री, प्लम्बर, खानशामा, सफाईकर्मी को पिछले एक वर्ष से आवंटन का बहाना बनाकर मजदूरी नहीं दिया. तत्काल इनलोगों को वेतन दे. महासंघ(गोपगुट) के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो आगे अनिश्चित आंदोलन करेंगे. धरना-प्रदर्शन भाकपा माले के युवा नेता कुंदन यादव एवं वरिष्ठ नेता विक्की राम ने भी सम्बोधित किया। मौके पर मौसमी कर्मचारी यूनियन के नेता ललन झा, बिजेंद्र यादव, बैद्यनाथ यादव, अरविंद कुमार पांडेय, शशि कुमार, राहुल कुमार, विजय यादव, महावीर मल्लिक, अरुण यादव, माहेश्वरी यादव, महेश राजभर, अब्दुल मजीद, अरविन्द यादव सहित सैकड़ो मौजूद रहे।

### विधानसभा में उठा फारबिसगंज थाना के घेराबंदी का मामला

**अररिया :** फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी ने मंगलवार को बिहार विधानसभा बजट सत्र के दौरान आदर्श थाना फारबिसगंज के जमीन की घेराबंदी का मामला उठाया।विधायक ने साढ़े तीन एकड़ जमीन में फैले थाना की जमीन के अतिक्रमण के साथ दो भागों में विभक्त थाना की जमीन को चहारदीवारी को आवश्यक बताया।इसके अलावे विधायक ने आदर्श थाना में आने वाले फरियादियों और पुलिस अधिकारियों के लिए शौचालय निर्माण का मामला भी सदन में रखा। मंत्री विजेंद्र यादव द्वारा चहारदीवारी निर्माण की जानकारी देने पर विधायक ने थाना परिसर के सारे जमीन को लेकर जानकारी सदन में रखी।उन्होंने कहा कि थाना करीबन साढ़े तीन एकड़ जमीन में फैला हुआ है और यह दो भागों में विभक्त है,जिसकी घेराबंदी आवश्यक है।प्रश्नोत्तर काल के दौरान रखे गए सवाल में विधायक ने फरियादियों के लिए स्वच्छता मिशन के तहत आदर्श थाना फारबिसगंज में शौचालय को जरूरत करार दिया।

### आरबीएसके डीसी डॉ शशि मिश्रा को डीएम ने नायिका पुरस्कार से किया सम्मानित

**पूर्वी चंपारण :** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला समन्वयक डॉ शशि मिश्रा को महिला दिवस के उपलक्ष पर महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में नायिका पुरस्कार से सम्मानित किया। डॉ शशि को यह पुरस्कार मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। इस योजना में वर्ष 2024-25 में पूर्वी चम्पारण जिले को प्रथम स्थान मिला है।आरबीएसके डीसी के पद पर डॉ शशि ने 1 अगस्त 2022 को योगदान किया था। उस समय उन्हें जिले के 43 चलन्त चिकित्सा दलों का नेतृत्व करना था। अपनी प्रेग्नेन्सी के दौरान भी वे आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी विद्यालयों में स्क्रीनिंग व सदर अस्पताल में मुस्तैदीपूर्वक कार्य में जुटी रहीं। ड्यूटी के दौरान वो चोटिल भी हो गईं। गंभीर चोट की वजह से प्रेग्नेंसी में कॉम्प्लीकेशन आयी। शरीर में इन्फेक्शन फैलने की वजह से दो बार सर्जरी हुई। स्थिति नौकरी छोड़ने तक की बनी। पर उनके पति विनीत मिश्रा ने खुद नौकरी छोड़ दी। उनकी नवजात बेटी की माँ की तरह का देखभाल उनकी छोटी बहन ने की।परिवारजनों की सेवा के बाद डॉ शशि ने वापसी की और मातृत्व अवकाश के बाद 5 मार्च 2024 को जिला में अपना पदभार पद?भार संभाला। इसी बीच 15 मार्च 2024 को जिले के 65 आयुष चिकित्सकों का स्थानांतरण दूसरे जिलों में हो गया। अब जिले के 40 चलन्त चिकित्सक दल, 27 ब्लॉक के लिए केवल 20 चिकित्सक शेष बचें। ऐसी परिस्थिति में अपनी कार्यकुशलता की बदौलत उन्होंने अभी तक 115 दिल में छेद वाले मरीजों की सफलतापूर्वक सर्जरी कराने में सहायक बनीं।इसके साथ ही, मूक बधिर बच्चों की पहचान एवं इलाज में भी पूर्वी चम्पारण का स्थान टॉप पर रहा है। इस सम्बन्ध में जिले के सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव एवं डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने कहा कि डॉ शशि लगनशील, मेहनती और कार्यकुशल महिला हैं। वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाती हैं।

## एमजीसीयू में होली मिलन के दौरान अश्लील गाना बजाने पर होगी कारवाई

### एसपी ने स्थानीय थाना को दिया आदेश

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण :** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के दौरान प्रतिबंधित अश्लील भोजपुरी गाना बजाने के मामले में एसपी ने स्थानीय थाना को कारवाई करने का आदेश दिया है।
उल्लेखनीय है,कि बीते दिनो होली को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने आदेश जारी करते हुए द्विअर्थी व अश्लील गाना को प्रतिबंधित किया था।जिसके बाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के बनकट स्थित गांधी भवन परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एसपी द्वारा जारी गाइड लाइन की धज्जी उड़ाते अश्लील भोजपुरी गानों पर जमकर डांस किया। वही इस दौरान विश्वविद्यालय के कई अधिकारी व प्रोफेसर भी मौजूद थे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।लिहाजा वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने बुधवार को इस मामले में कारवाई आदेश दिया है।वही वायरल वीडियो पर लोग कॉमेन्टस करते हुए विश्वविधालय प्रशासन की जमकर आलोचना कर रहे है।

## दो किशोरों की तालाब में डूबने से मौत

एजेंसी



**वैशाली:** दो किशोरों की तालाब में डूबने से मौत हो गई. घटना सहदेई थाना क्षेत्र के बाजीतपुर की है. मृतकों की पहचान 13 वर्षीय शिवम कुमार और 17 वर्षीय आदित्य कुमार के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार चार दोस्त पोखर में नहाने गए थे. जिनमें से दो की डूबने से मौत हो गई. जानकारी के अनुसार चारों दोस्त पशुओं के लिए चारा लेने गए थे. चारा लेने के बाद वे तालाब में नहाने चले गए. नहाते समय चारों डूबने लगे.

तभी लोगों की नजर इन पर पड़ी. इसमें संजय कुमार और रोहित कुमार ने शिवा कुमार और संजीव कुमार को बचा लिया. लेकिन शिवम और आदित्य गहरे पानी में चला गया. वहां जुटे स्थानीय लोगों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन शव नहीं मिले. अगले दिन एसडीआरएफ की टीम ने तलाश कर शवों को पानी से बाहर निकाला. वहीं पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया. शिवम दो भाइयों में सबसे छोटा था और देसरी के एक निजी स्कूल में पढ़ता था.

आदित्य ने इसी साल मैट्रिक की परीक्षा दी थी. वह चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था. घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है. स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है. इनमें जिला पार्षद उपेंद्र कुमार राय, मदन राय, विजय राय, महेश चौधरी, अशोक पासवान और बाजिदपुर पैक्स अध्यक्ष रॉबिन राय शामिल हैं.

## पुलिस ने एनडीपीएस मामले में फरार आरोपित मनीष को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**अररिया :** जिले की बसमतिया थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में पांच माह से फरार चल रहे आरोपित मनीष कुमार को सुपौल जिला के बीरपुर वार्ड संख्या एक से मंगलवार को गिरफ्तार किया। पांच महीनों से पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी। बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी मनीष कुमार को बसमतिया थाना कांड संख्या 42/24 दिनांक 07.10.24 धारा 21(बी),22,23 एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त मनीष कुमार पिता अजय साह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मनीष कुमार से पुलिस पूछताछ कर रही है।वहीं मामले में पुलिस की ओर से अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## एसएसबी के डीआईजी ने उप निरीक्षक मनोज कुमार को दी पदोन्नति




एजेंसी

**अररिया :** एसएसबी 52वीं बटालियन अररिया मुख्यालय के उप निरीक्षक संचार को निरीक्षक के रूप में पदोन्नति दी गई।बुधवार को पूर्णिया के सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक राजेश टिक्कू और 52वीं बटालियन के कमांडेंट महेंद्र प्रताप ने संयुक्त रूप से बैच पहनाकर उसे उप निरीक्षक से निरीक्षक के रूप में पदोन्नत किया।मौके पर एसएसबी के कई अधिकारी मौजूद थे।सबों ने पदोन्नति पर मनोज कुमार को बधाई दी और देश सेवा में किए जा रहे कार्यों को लेकर प्रेरित किया। मौके पर पूर्णिया रेंज के एसएसबी डीआईजी राजेश टिक्कू ने कहा कि एसएसबी किसी भी जवान और अधिकारी के लिए सेवा,सुरक्षा और बंधुत्व मूलमंत्र के साथ देश सेवा प्राथमिकता होती है।सेवाभाव के तहत देश और आमजनों की सुरक्षा के लिए हमेशा खड़े रहते हैं।ऐसे में किसी भी जवान और अधिकारी की पदोन्नति उनकी सेवाभाव को दुगुना करने का काम करती है।उन्होंने मनोज कुमार को पदोन्नति पर बधाई देते हुए और अधिक से जिम्मेवारीपूर्वक कर्तव्य निर्वहन की अपील की।

## मधुबन हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक को विधि विरूद्ध किया निरूद्ध




एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में बीते दिन हुए एक किशोर की हत्या मामले में पुलिस ने विधि विरूद्ध एक किशोर को निरूद्ध किया है।उल्लेखनीय है,बीते शनिवार की रात अपने पिता के दूकान से घर लौटने के दौरान सोनू कुमार उर्फ गोलू (पिता- जगदीश ठाकुर,निवासी बाकी टिकम, थाना मधुबन) पर अज्ञात अपराधियों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था, हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 48 घंटे के भीतर घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बिहार किसान मेला सह बागवानी और पशु प्रदर्शनी का राज्यपाल ने किया उद्घाटन



**भागलपुर :** बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर में आयोजित दो दिवसीय बिहार किसान मेला सह बागवानी और पशु प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन मंगलवार को बिहार के कुलाधिपति सह राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने किया। इस मौके पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में किसान और उनके किसानी पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि हमारे किसान काफी मेहनती हैं। उनका सहयोग करने के लिए ऐसे कृषि विश्वविद्यालय हैं। किसानों को कृषि संबंधित कई तरह की तकनीक सिखाई जाती है। किसानों को मत्स्य पालन, मखाना की खेती, जदालू आम, कतरनी चावल, लीची ओर मशरूम के उत्पादन में पारंगत बनाया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि किसानों को जब तक प्रोत्साहन नहीं मिलेगा तब तक हम लोगों को भोजन कहां से प्राप्त होगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को कृषि विश्वविद्यालय अमल कर रही है। कार्यक्रम के दौरान भागलपुर के सांसद अजय मंडल और गोपालपुर विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ.गोपाल मंडल भी मौजूद थे। कार्यक्रम के निवेदक के रूप में कुलपति डॉक्टर डी आर सिंह मौजूद थे। कृषि उधमिता से समृद्ध किसान आज के इस कृषि उधमिता से समृद्ध किसान विषय पर आयोजित किसान मेला में जीआई टैग वाले प्रोडक्ट से लेकर कई स्टॉल लगाए गए थे। मोटे अनाज से लेकर मशरूम, कतरनी, धान, केला सहित कई प्रकार के फल, सब्जी, फूल, मछली पालन, बकरी पालन, दलहन, तिलहन, शहद, मखाना के स्टॉल लगाए गए थे। स्टॉल इतने आकर्षक थे कि लोग खींचे चले आ रहे थे। स्टॉल के भ्रमण के समय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि से लेकर सभी लोगों ने इसे काफी सराहा। इसके पूर्व कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डी आर सिंह ने सबों का पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान हर्बल गुलाल, लाह के उत्पाद सहित कतरनी धान के डाक टिकट कृषि से संबंधित कई पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। कृषि के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले किसान और वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया। नाबार्ड द्वारा संपोषित क्षेत्रीय भौगोलिक संकेत सुविधा केंद्र का भी उद्घाटन किया गया।

## चलती बस में हथियार के बल पर पश्चिम बंगाल के व्यापारी से हुए लूट मामले में दो गिरफ्तार

एजेंसी



**अररिया :** अररिया नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुसियारगांव के समीप बस में सवार पश्चिम बंगाल के व्यवसायी समरुल शेख से बाइक सवार दो बदमाशों के द्वारा 28 फरवरी को ढाई लाख रुपये के हुए लूटकांड मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है।मामले में पुलिस ने घटना में शामिल दो बदमाशों को दो देशी कट्टा,दो कारतूस,घटना में प्रयुक्त दोनों बाइक,लूट के रकम में से 28 सौ रुपये बरामद किया है।बुधवार को एसपी अंजनी कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।
एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि 28 फरवरी की शाम पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला के नौदा के रहने वाले व्यापारी समेरुल शेख पिता कियामत शेख से ढाई लाख रुपये की लूट हुई थी।रानीगंज से पैसों की वसूली कर बस से जा रहे थे। दो बाइक से पीछा कर अज्ञात बदमाशों ने कुसियारगांव के समीप बस में सवार होकर व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम दिया था। लूट को लेकर अररिया थाना में मामला दर्ज किया गया।
एसपी ने बताया कि कांड में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं लूटे गए रुपये की बरामदगी के लिए एसडीपीओ रामपुकार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी की टीम ने नगर परिषद के द्वारा लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज के साथ तकनीकी अनुसंधान के आधार पर इस घटना में शामिल 35 वर्षीय मो. शमशुल पिता मो. जलील और 25 वर्षीय मो. हसाम पिता- मो. मामूल को गिरफ्तार किया।दोनों सुपौल के जदिया थाना क्षेत्र के फुलकाहा का रहने वाला है।गिरफ्तार बदमाशों के पास से दो देसी कट्टा,दो कारतूस के साथ घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और लूट की रकम में से-26 सौ रुपया बरामद किया गया।
एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। घटना में शामिल अन्य बदमाशों की शिनाख्त की बात करते हुए एसपी ने गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने की बात कही।

## पुलिस ने 168 लीटर नेपाली शराब के साथ दो मोटरसाइकिल किया जब्त

**अररिया :** जिले की बसमतिया थाना पुलिस ने मंगलवार को 168 लीटर नेपाली शराब की बरामदगी के साथ दो मोटरसाइकिल बरामद किया।हालांकि तस्कर पुलिस को चकमा देकर नेपाल सीमा में प्रवेश कर भागने में कामयाब रहे। बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से शराब का खेप लेकर तस्कर आने वाले हैं।सूचना के आलोक में भारत नेपाल सीमा पर वाहन चेकिंग शुरू की गई।इसी क्रम में नेपाल की ओर से आ रहे दो मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया गया तो वे भागने लगे।जिसके बाद मोटरसाइकिल को खड़ा कर दोनों तस्कर भागकर नेपाल सीमा क्षेत्र में प्रवेश कर गया और भागने में कामयाब रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार हुए आरोपी तस्कर का पता लगाया जा रहा है।उन्होंने नेपाल के दो अलग अलग ब्रांड के कुल 168 लीटर नेपाली शराब के साथ दो मोटरसाइकिल जब्त करने की बात कही।

# नीतीश और राबड़ी में जमकर तकरार राजद ने किया सदन से वाकआउट

### राबड़ी ने कहा–महिलाओं को अपमानित करना मुख्यमंत्री की आदत

एजेंसी




**पटना :** बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के नौवें दिन आज विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच तकरार देखने को मिला। मुख्यमंत्री के बयान से नाराज होकर राबड़ी देवी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तमाम विधान परिषद सदस्य बाहर निकल आए और पोर्टिको के गेट पर धरने पर बैठ गए। मौके पर राबड़ी देवी ने कहा कि महिलाओं को अपमानित करना मुख्यमंत्री की आदत हो गई है। राबड़ी ने सीएम पर कई गंभीर आरोप लगाए ।
राबड़ी देवी ने कहा कि नीतीश कुमार महिलाओं को कुछ से कुछ बोलते रहते हैं। बार-बार महिलाओं को बेइज्जत करते हैं। वह कहते हैं कि 2005 से पहले महिलाएं कपड़े नहीं पहनती थीं। हम पूछना चाहते हैं कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार से कि क्या पहले की महिलाएं बिना कपड़ों के ही रहती थीं? राबडी. ने कहा कि नीतीश कुमार ने मुझे सदन में दूसरी बार बेइज्जत किया है।
हम लोगों के लिए सभी जाति-धर्म की महिलाएं एक समान हैं। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बार-बार महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी भी दूसरी बार सदन में बेइज्जती की है। इसलिए हम लोगों ने तय किया है कि आज सदन के अंदर नहीं जाएंगे।
राजद नेता राबड़ी ने कहा कि ललन सिंह, संजय झा, विजय चौधरी और अशोक चौधरी जैसे लोग मुख्यमंत्री का कान फूंकते रहते हैं। नीतीश कुमार असल में भाजपा की गोद में जाकर बैठ गए हैं।
इससे पहले आज विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लालू-राबड़ी के शासनकाल का जिक्र करते हुए बोल रहे थे, तभी राजद ने कुछ बातों को लेकर विरोध किया। जिस पर सीएम ने महिलाओं के लिए हमने सबसे ज्यादा काम किया है। ये लोग क्या बोलेंगे, इन लोगों ने (राजद) बिहार के लिए कुछ नहीं किया। पटना में भी कहीं जाने का रास्ता नहीं था, सब हमने बनवाया। इस पर राजद के सदस्यों ने सदन वॉक आउट कर दिया। जब राबड़ी देवी की अगुलाई में वे लोग बाहर निकल रहे थे, तब सीएम ने कहा, 'अब तो भाग गया ना। जब हम बोलते हैं तो भाग गया।

## जिले के सभी पंचायतों में खराब चापाकलों की होगी मरम्मति

### -पेयजल संकट से निपटने को लेकर डीएम ने चलंत मरम्मति दल को किया रवाना

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण :** जिले के ग्रामीण इलाकों मे गर्मी के कारण पेयजल संकट से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका के सौजन्य से गठित चलंत मरम्मत दल को जिलाधिकारी सौरव जोरवाल ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। चलंत मरम्मति दल जिले की सभी पंचायतों में जाकर खराब चापाकलों की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चत करेगी। इसकी जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि फिलहाल गर्मी की आहट देख जिले में चलंत मरम्मति दल गठन किया गया है।जो प्रखंडो के जिन पंचायतों के गांवों में चापाकल खराब होंगे, उन चापाकलों की मरम्मति करेगा, साथ ही अगर अन्य चापाकलों के खराब होने की सूचना प्राप्त होती है,तो वहां भी पहुंच कर खराब चापाकलों को ठीक करेगा, चलंत मरम्मति दल में एक मिस्त्री सहित दो सहायकों को रखा गया है।
उन्होने बताया कि खराब चापाकलों की मरम्मत को लेकर दोनों प्रमंडलों के लिए अलग-अलग नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, मोतिहारी प्रमंडल हेतु दुरभाष नंबर-06252233374 एवं ढाका प्रमंडल, के लिए दूरभाष नम्बर-06250315613 पर चापाकलों के खराब होने की सूचना कार्यालय अवधि में दी जा सकती है।

# एयरटेल का तीव्र इंटरनेट सेवाओं के लिए मस्क की स्पेसएक्स से करार

नई दिल्ली

दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि उसने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की उच्च गति वाली इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की उपग्रह कंपनी स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की है।

एयरटेल ने बयान में कहा कि यह समझौता स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक की उपग्रह संचार-आधारित सेवाओं को बेचने के लिए मंजूरी हासिल करने के अधीन है। बयान के मुताबिक, यह समझौता एयरटेल और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाएगा कि स्टारलिंक एयरटेल की पेशकश को किस तरह पूरक बनाने के साथ विस्तारित कर सकती है। इससे भारतीय बाजार में एयरटेल की विशेषज्ञता उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए स्पेसएक्स की सीधी पेशकशों को पूरक बनाने की भी परख होगी। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और वाइस चेयरमैन गोपाल विट्ठल ने कहा कि भारत में एयरटेल के ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यह अगली पीढ़ी की उपग्रह कनेक्टिविटी के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## एयरटेल भारत में स्टारलिंक की उपग्रह आधारित सेवा बेचेगी

### विश्वस्तरीय तेज गति का ब्रॉडबैंड मिलेगा

विट्ठल ने कहा, "यह सहयोग भारत के सबसे दूरदराज के इलाकों में भी विश्वस्तरीय तेज गति वाला ब्रॉडबैंड लाने की हमारी क्षमता को बढ़ाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर व्यक्ति, व्यवसाय और समुदाय के पास विश्वसनीय इंटरनेट हो। स्टारलिंक, एयरटेल के उत्पादों के समूह को पूरक और उन्नत करेगी, ताकि हमारे भारतीय ग्राहकों के लिए विश्वसनीय और सस्ता ब्रॉडबैंड सुनिश्चित हो सके।"




### ग्रामीण इलाकों में तलाशी जाएगी संभावनाएं

इस समझौते के तहत, एयरटेल और स्पेसएक्स एयरटेल के खुदरा स्टोर पर स्टारलिंक उपकरण, एयरटेल के माध्यम से व्यावसायिक ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं, समुदायों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने के अवसर, भारत के सबसे दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी कई अन्य सुविधाएं प्रदान करने की संभावना तलाशेंगे।

## खबर संक्षेप



### हिंदुस्तान जिंक ने किया सेरेंटिका से समझौता

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसने 530 मेगावाट तक हरित बिजली की आपूर्ति के लिए सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया है। इस बिजली आपूर्ति समझौते (पीडीए) के साथ हिंदुस्तान जिंक की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 450 मेगावाट से बढ़कर 530 मेगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही कंपनी की कुल बिजली जरूरत में हरित ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा।

### थर्मैक्स केमिकल ने ओसीक्यू के साथ संयुक्त उद्यम बनाया



**नई दिल्ली।** थर्मैक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी थर्मैक्स केमिकल सॉल्यूशंस ने ब्राजील की केमिकल कंपनी ओस्वाल्डो क्रूज क्यूमिका इंडस्ट्रिया ई कॉमर्सियो लिमिटेड (ओसीक्यू) के साथ एक विशेष शेयरधारक समझौता किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते के अनुसार, थर्मैक्स नई इकाई में 51 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी रखेगी, जबकि ओसीक्यू के पास बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

### जनवरी तक 1,61,150 इकाईयों को मिली स्टार्टअप की मान्यता




**नई दिल्ली।** सरकार ने इस साल 31 जनवरी तक 1,61,150 इकाइयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है। यह जानकारी मंगलवार को संसद को दी गयी। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इनमें से 28,511 इकाइयों को महाराष्ट्र में और 16,954 को कर्नाटक में स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा, ''31 जनवरी 2025 तक, 1,61,150 इकाइयों को डीपीआईआईटी (उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) द्वारा स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है।''

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 87.21 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के चार माह के निचले स्तर पर आने के बीच रुपया मंगलवार को भारी गिरावट से उबरकर 10 पैसे की बढ़त के साथ 87.21 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के रुख और अमेरिका में मंदी के डर और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी के बाहर जाने से स्थानीय मुद्रा में सुधार सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.37 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के निचले स्तर 87.39 तक चला गया।

### सेबी ने कर्ज मामले में जारी की आईआईएफएल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज को चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी कंपनी के मर्चेंट बैंकिंग विभाग में ऋण देने को लेकर जांच-पड़ताल के संदर्भ में जारी की गयी है। आईआईएफएल कैपिटल ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सात मार्च, 2025 को एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र जारी किया है। नियामक ने एक अप्रैल, 2022 से 30 अप्रैल, 2024 की अवधि के लिए कंपनी के मर्चेंट बैंकिंग प्रभाग द्वारा प्रबंधित कर्ज मामलों के संबंध में निरीक्षण किया।

## बैन एंड कंपनी और आईवीसीए ने जारी की रिपोर्ट

# उद्यम पूंजी कोषों का 2024 में भारतीय कंपनियों को वित्तपोषण 43 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली

देश के उद्यम पूंजी (वीसी) परिवेश ने 2024 में मजबूत वृद्धि प्रदर्शित की। इस दौरान उद्यम पूंजी कोषों का वित्तपोषण सालाना आधार पर 43 प्रतिशत बढ़कर 13.7 अरब डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

- वित्त पोषण सालाना आधार पर बढ़कर 13.7 अरब डॉलर

बैन एंड कंपनी और आईवीसीए की रिपोर्ट कहती है कि उद्यम पूंजी कोषों के वित्तपोषण में आई यह तेजी सौदों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि के कारण दर्ज हुई। वर्ष 2024 में भारतीय बाजार में कुल 1,270 सौदे हुए जिससे यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में उद्यम पूंजी और वृद्धि वित्तपोषण के लिहाज से दूसरा बड़ा बाजार साबित हुआ।

**खास बातें**

- तेजी सौदों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि के कारण दर्ज हुई
- वर्ष 2024 में भारतीय बाजार में कुल 1,270 सौदे हुए




### छोटे व मध्यम सौदे 1.4 गुना बढ़े

रिपोर्ट के मुताबिक, छोटे और मध्यम आकार के सौदे (पांच करोड़ डॉलर से कम) 1.4 गुना बढ़ गए और इनकी कुल सौदों में हिस्सेदारी करीब 95 प्रतिशत रही। वहीं पांच करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के सौदों की संख्या लगभग दोगुनी होकर कोविड महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंच गई। इसके साथ ही पिछले कैलेंडर वर्ष में भारतीय बाजार में 10 करोड़ डॉलर से अधिक आकार के बड़े सौदे भी 1.6 गुना बढ़ गए।

### उपभोक्ता प्रौद्योगिकी से 5.4 अरब डॉलर का वित्त हासिल

*रिपोर्ट कहती है कि उपभोक्ता प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और जनरेटिव एआई समेत सॉफ्टवेयर सेवा और वित्तीय-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों ने कुल वित्तपोषण का 60 प्रतिशत से अधिक आकर्षित किया। इसमें उपभोक्ता प्रौद्योगिकी क्षेत्र 5.4 अरब डॉलर का वित्तपोषण हासिल कर सबसे आगे रहा।*

### जेप्टो को मिला 1.4 अरब डॉलर का वित्तपोषण

*रिपोर्ट के मुताबिक, यह तीव्र वृद्धि त्वरित आपूर्ति, शिक्षा प्रौद्योगिकी और बी2सी कारोबार में महत्वपूर्ण निवेश से प्रेरित थी। इसमें जेप्टो (1.4 अरब डॉलर), मीशो (27.5 करोड़ डॉलर) और लेंसकार्ट (20 करोड़ डॉलर) जैसी कंपनियों को मिले वित्तपोषण की प्रमुख भूमिका रही।*

### स्टार्टअप और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार

इसके अलावा सॉफ्टवेयर और जेनरेटिव एआई क्षेत्रों ने भी 1.7 अरब डॉलर जुटाकर वित्तपोषण की गति को बनाए रखा। रिपोर्ट कहती है कि बड़े यानी एंजल निवेशकों से लिए जाने वाले कर की व्यवस्था को खत्म करना, दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर की दरों को कम करना और विदेशी उद्यम पूंजी निवेशक पंजीकरण को आसान बनाने जैसी सरकारी पहल ने स्टार्टअप और निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल माहौल तैयार किया है।

### नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया

भारतीय उद्यम और वैकल्पिक पूंजी संघ (आईवीसीए) के अध्यक्ष रजत टंडन ने कहा, '2024 में शुरू किए गए नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है, जिससे 2025 के लिए एक गतिशील माहौल तैयार हुआ है। हमें खासकर विकास-चरण के निवेश में सौदे बढ़ने की उम्मीद है।'

# खाद्य तेल आयात फरवरी में आठ प्रतिशत घटा

**सालाना आधार पर घटकर 8.85 लाख टन पर**



नई दिल्ली

इस साल फरवरी में भारत का खाद्य तेल आयात सालाना आधार पर आठ प्रतिशत घटकर 8,85,561 टन रहा है। उद्योग निकाय एसईए के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। फरवरी, 2024 में खाद्य तेलों का आयात 9,58,852 टन का हुआ था।

- फरवरी 2024 में आयात 9,58, 852 टन रहा

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी के दौरान वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य तेल) का आयात फरवरी, 2024 के 9,65,852 टन की तुलना में सात प्रतिशत घटकर 8,99,565 टन रह गया। इसमें 8,85,561 टन खाद्य तेल और 14,004 टन अखाद्य तेल शामिल हैं।

### बंदरगाह तक पहुंचने की कीमत मजबूत हुई

पिछले कुछ सप्ताह में, भारतीय बाजार में बंदरगाह तक पहुंचने की लागत के सापेक्ष कच्चे पाम तेल की कीमतें थोड़ी मजबूत हुई हैं। इसने कहा, ''हालांकि, वैश्विक बाजार में कमजोर मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता निकट भविष्य में भारतीय पामतेल आयात घटा सकती है। एसोसिएशन ने कहा कि वर्ष 2024-25 में वनस्पति तेल की खपत में वृद्धि धीमी होने की उम्मीद है।

# दूरसंचार ग्राहकों की संख्या दिसंबर में बढ़कर 119 करोड़

नई दिल्ली

देश में टेलीफोन ग्राहकों की कुल संख्या दिसंबर, 2024 में मामूली रूप से बढ़कर 118.99 करोड़ हो गयी। इसमें जियो ने मोबाइल और फिक्स्ड लाइन दोनों क्षेत्रों में सबसे अधिक ग्राहक जोड़े। दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नवंबर में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 118.72 करोड़ थी।

- जियो मोबाइल व फिक्स्ड लाइन में सबसे आगे

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो इन्फोकॉम 47.66 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के साथ सबसे आगे रही। उसके बाद भारती एयरटेल (28.93 करोड़) और वोडाफोन आइडिया (12.64 करोड़) का स्थान था। शहरी टेलीफोन ग्राहक बढ़कर दिसंबर में 66.34 करोड़ हो गए, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 65.99 करोड़ था। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण ग्राहक घटकर 52.66 करोड़ हो गये जो इससे पिछले महीने में 52.73 करोड़ थे। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलेस ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 में 0.17 प्रतिशत बढ़कर 115.07 करोड़ हो गयी जो इससे पिछले महीने नवंबर में 114.87 करोड़ थी। दिसंबर के अंत में वायरलेस टेलीघनत्व बढ़कर 81.67 प्रतिशत हो गया, जबकि नवंबर के अंत में यह 81.59 प्रतिशत था। आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो ने 39,06,123 वायरलेस ग्राहक जोड़े, जबकि भारती एयरटेल ने इस अवधि के दौरान 10,33,009 ग्राहकों को जोड़ा।



### वायर लाइन ग्राहकों की संख्या बढ़ी

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलाइन ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 के अंत में बढ़कर 3.93 करोड़ हो गई, जो एक महीने पहले नवंबर, 2024 में 3.85 करोड़ थी। इससे देश में समग्र वायरलाइन टेली-घनत्व 2.73 प्रतिशत से बढ़कर 2.79 प्रतिशत हो गया।

# सोने में तेजी लौटी, चांदी फिसली

**सोना बढ़कर 88,790 रुपए प्रति 10 ग्राम**

नई दिल्ली

सोने में तीन दिनों से जारी गिरावट मंगलवार को थम गई तथा मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत मजबूती के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

- चांदी में 350 रुपय गिरकर 98,900 रुपए किलो रही

राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 40 रुपये की तेजी के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो पहले 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 40 रुपये की तेजी के साथ 88,390 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये की गिरावट के साथ 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम रही। सोमवार को चांदी की कीमत 99,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजारों में अप्रैल डिलीवरी वाले कॉमेक्स सोना वायदा 19.30 डॉलर बढ़कर 2,918.70 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 2,912.43 डॉलर प्रति औंस हो गया।



# खादी कारीगरों की मजदूरी अप्रैल से 20 प्रतिशत बढ़ेगी

नई दिल्ली

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि इस साल एक अप्रैल से खादी कारीगरों की मजदूरी 20 प्रतिशत बढ़ जाएगी।

- केवीआईसी के चेयरमैन ने दी जानकारी
- एक अप्रैल, 2025 से 2.50 रुपए तक बढ़ाया जाएगा

मौजूदा समय में, 'स्पिनर' को चरखे पर प्रति हांक कताई के लिए 12.50 रुपये मिलते हैं, जिसे एक अप्रैल, 2025 से 2.50 रुपये तक बढ़ाया जाएगा। बढ़ी हुई दर के अनुसार, उन्हें 15 रुपये प्रति हांक स्पून मिलेंगे। केवीआईसी के चेयरमैन ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। केवीआईसी ने चेयरमैन के हवाले से बयान में कहा, ''खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री पांच गुना होकर 31,000 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में 1,55,000 करोड़ रुपये हो गई। खादी के कपड़ों की बिक्री छह गुना बढ़ गई यानी पहले के 1,081 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 6,496 करोड़ रुपये हो गई।''

बयान में कहा गया,, ''कुल मिलाकर, 10.17 लाख नए व्यक्तियों को वित्तव र्ष 2023-24 में रोजगार मिला।'' उन्होंने कहा, ''अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन और बिक्री का एक नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा।'' उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 10 साल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी क्रांति ने कारीगरों के जीवन में व्यापक बदलाव किया है।



### बुनकरों की आय में हुई वृद्धि

सरकार ने स्पिनरों और बुनकरों की आय में ऐतिहासिक वृद्धि की है। इससे पहले, 17 सितंबर, 2024 को, प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर, कारीगरों की मजदूरी में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

# उड़द का शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को एक और साल के लिए 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च के अंत तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'उड़द की मुक्त आयात नीति को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।' इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है।



## बैंक को लेखा चूक से 2,100 करोड़ रुपए का नुकसान

# इंडसइंड बैंक के शेयर में आया भूचाल, 27% टूटा

नई दिल्ली

इंडसइंड बैंक ने मंगलवार को लेखा विसंगति के कारण हुए 2,100 करोड़ रुपये के नुकसान के असर को कम करने की भरपूर कोशिश की और कहा कि उसके पास इस झटके से उबरने के लिए पर्याप्त पूंजी है। प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर 27 प्रतिशत टूट गया।

- प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर टूटा

इंडसइंड बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सुमंत कठपालिया ने कहा कि लेखा चूक के बारे में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर के आसपास पता चला, और बैंक ने पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को इस बारे में बताया।




### एजेंसी अप्रैल के शुरूआत में देगी रिपोर्ट

बैंक को हुए नुकसान के अंतिम आंकड़े बाहरी एजेंसी की पड़ताल के बाद पता चलेंगे। बैंक ने बाहरी एजेंसी की नियुक्ति कर दी है, जो अपनी रिपोर्ट अप्रैल की शुरुआत में देगी। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजारों के बताया कि उसने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों का पता लगाया है।

### ब्रोकरेज हाउसेज ने घटाया टारगेट प्राइस

इंडसइंड बैंक के डेरीवेटिव्स पोर्टफोलियो में नुकसान की बातें सामने आने के बाद ब्रोकरेज हाउसेज ने स्टॉक के टारगेट प्राइस को घटा दिया है। बीएसई सेंसेक्स 30 में शामिल इस स्टॉक के टारगेट प्राइस को नुवामा इंस्टीट्यूशल इक्विटीज ने घटाकर 750 रुपए कर दिया है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अलावा मॉर्गन स्टैनली ने भी टारगेट प्राइस घटा दिया है।

### जांच के लिए बाहरी एजेंसी नियुक्त

बैंक की आंतरिक समीक्षा के अनुसार, इस वजह से दिसंबर, 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति के लगभग 2.35 प्रतिशत तक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विश्लेषकों ने विसंगति के चलते 2,100 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। बैंक ने आंतरिक निष्कर्षों की स्वतंत्र रूप से समीक्षा और सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी नियुक्त की है।

### बैंक के पास प्रबंधन के लिए पर्याप्त पूंजी


कठपालिया ने कहा, ''बैंक की लाभप्रदता और पूंजी पर्याप्तता इस एकमुश्त प्रभाव को झेलने के लिए बेहतर स्थिति में है। इस समस्या की पहचान बैंक ने खुद की... बैंक के पास इसे प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त भंडार और पूंजी है।''

### शेयर एक साल के निचले स्तर पर

इंडसइंड बैंक का शेयर बीएसई में 27.17 प्रतिशत गिरकर 655.95 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान इसने 649 रुपये प्रति शेयर के अपने एक साल के निचले स्तर को छुआ।

# गिरावट से उबरकर सेंसेक्स निफ्टी लगभग स्थिर बंद

मुंबई



उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए। खुदरा मुद्रास्फीति और अन्य आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखने को तरजीह दी।

- आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने दूरी बनाई

घरेलू बाजार में इंडसइंड बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो (वायदा एवं विकल्प खंड में निवेश) में कुछ विसंगतियां को लेकर बैंक का शेयर 27 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि अमेरिका में नरमी की आशंका से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.85 अंक गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ।

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सेंसेक्स शुरू में कमजोर खुला और कारोबार के दौरान, एक समय यह 451.57 अंक तक लुढ़का कर 73,633.60 अंक तक आ गया था। निफ्टी 37.60 अंक बढ़कर 22,497.90 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक नरमी की चिंताओं के बीच अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में भारी बिकवाली के बावजूद, घरेलू बाजार में धीरे-धीरे सुधार के संकेत दिख रहे हैं।''

### ये शेयर रहे नुकसान में

सेंसेक्स के तीस शेयरों में सर्वाधिक गिरावट इंडसइंड बैंक में आई। सेंसेक्स में शामिल अन्य शेयरों में इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे।

### इन शेयरों में लाभ दर्ज

दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मास्युटिकल्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, मारुति सुजुकी इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन शामिल हैं।

# आईपीएल के इतिहास में विराट ने पकड़े सबसे ज्यादा कैच, टॉप 10 में चार विदेशी

मुंबई

आईपीएल 2025 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 22 मार्च से 18वें सीजन का आगाज होगा। इस बार कई टीमें बदली-बदली नजर आने वाली हैं, क्योंकि मेगा ऑक्शन के बाद प्लेयर इधर-उधर हुए हैं। 4-5 टीमों ने अपने कप्तान बदले हैं।

18वें सीजन में एक तरफ जहां चौके-छक्के दिखेंगे तो वहीं दूसरी तरफ फील्डिंग में भी कमाल दिखने वाला है। इन टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो कैच लपकने में कोई गलती नहीं करते.।आईपीएल के इतिहास में 10 ऐसे खिलाड़ी हुए हैं, जिन्होंने अपनी फील्डिंग से ना सिर्फ सबका दिल जीता बल्कि सबसे ज्यादा कैच पकड़ने की लिस्ट में जगह बनाई।



## लिस्ट में भारतीयों का जलवा

सबसे ज्यादा कैच लेने की लिस्ट में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा है। नंबर एक पर सबके चहेते विराट कोहली हैं, जिनके नाम अब तक 114 कैच हैं. दूसरे नंबर पर मिस्टर आईपीएल कहे जाने वाले सुरेश रैना का नाम है, जिन्होंने अपने करियर में 109 कैच लिए थे। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी ...

### कोहली : 114 कैच

साल 2008 से 2024 तक विराट कोहली ने आईपीएल में 252 मैच खेले और 114 कैच लिए।

### रैना : 109 कैच

चेन्नई और गुजरात लायंस के लिए खेलने वाले सुरेश रैना ने 205 मैचों में 109 कैच लिए हैं।

### पोलार्ड : 103 कैच

वर्ष 2010 से 2022 तक आईपीएल में मुंबई के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने अपने करियर के 189 मैचों में 103 कैच लपके हैं।



### जडेजा ने किए 103 शिकार

आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेल चुके रवींद्र जडेजा ने 240 मैचों में 103 कैच लिए हैं। वो आईपीएल 2025 में सीएसके का हिस्सा हैं।

### रोहित ने 101 को किया आउट

मुंबई इंडियंस के लिए अपनी कप्तानी में 5 खिताब दिलाने वाले रोहित ने 257 मैचों में 101 कैच लिए हैं. इस बार वो बतौर कप्तान नजर आएंगे।

### शिखर धवन 99 कैच

बाएं हाथ के इस स्टार बल्लेबाज ने 2008 से 2024 तक 222 मैचों में 99 कैच लिए. वो आईपीएल 2025 में नजर नहीं आएंगे.

### डिविलियर्स 90 को भेजा वापस

आईपीएल में 2008 से 2021 तक आरसीबी के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने 184 मैचों में 90 कैच लिए थे।

### वॉर्नर 86, पांडे ने 83 कैच

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2009 से 2024 तक 184 मैच खेले, जिसमें 86 कैच लिए। आईपीएल 2025 में यह खिलाड़ी नजर नहीं आएगा।
मनीष पांडे- आईपीएल में 7 अलग-अलग टीमों से खेल चुके मनीष पांडे 171 मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 83 कैच लपके हैं।

### फाफ डु प्लेसिस के 81 कैच

आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स समेत 3 टीमों के लिए खेल चुके फाफ ने 145 मैचों में 81 कैच लिए हैं।

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो ने अल नासर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से सऊदी अरब के अल नासर ने सोमवार को यहां ईरान के एस्टेघलाल को 3-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे लेकिन अभी तक रियाद के इस क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। वह पिछले सप्ताह अंतिम 16 के दौर के पहले चरण के मैच में गोल नहीं कर पाए थे। पहले चरण का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा था और इस तरह से अल नासर ने 3—0 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रोनाल्डो ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया।

### प्रणय ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर



**बर्मिंघम।** भारत के एचएस प्रणय पुरुष एकल के पहले दौर में मंगलवार को यहां फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त के साथ ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 32 वर्षीय प्रणय को दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी पोपोव के खिलाफ 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 29वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 6-1 की बढ़त बनाई थी। प्रणय एक समय 15-12 से आगे थे लेकिन पोवोव के दबाव के आगे पिछड़ गए। पोपोव ने 16-18 के स्कोर पर लगातार तीन अंक के साथ 19-18 की बढ़त बनाई और फिर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में पोपोव अधिक आत्मविश्वास में दिखे। उन्होंने 5-3 की बढ़त बनाई और फिर स्कोर 13-9 किया।

### बेंगलुरु ने लॉन्च की नई जर्सी, कप्तान पाटीदार ने कराया फोटोशूट



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए सभी टीमों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दरअसल, 22 मार्च से इस महा टूर्नामेंट की शुरुआत होगी, जिसे भारत में किसी त्योहार से कम नहीं माना जाता है। सभी टीमें इसके लिए जमकर तैयारी कर रही हैं। इसी कड़ी में टीमें अपनी नई जर्सी भी लॉन्च कर रही हैं। अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी अपनी नई जर्सी लॉन्च कर दी है। बता दें कि इस जर्सी को आरसीबी की वेबसाइट, पूमा की ऑफिशियल वेबसाइट और ऐप से खरीदा जा सकता है। हालांकि, अब तक टीम की ओर से इस जर्सी की कीमत जारी नहीं की गई है।

## भारतीय कुश्ती महासंघ पर 2023 में सरकार ने लगाया था प्रतिबंध

# भारतीय कुश्ती महासंघ से हटा निलंबन, अब हो सकेगा इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए टीम चयन

नई दिल्ली

भारतीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगाए गए निलंबन को हटा दिया है, जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए पहलवानों का चयन फिर से संभव हो सकेगा। अब तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इं

डिया और एडहॉक कमेटी महासंघ की प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाल रही थीं। खेल मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई का चुनाव जीता था, लेकिन पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ गोंडा के नंदिनी नगर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए स्थल के चयन से सरकार नाराज थी। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं, इसलिए उसने निलंबन हटाने का फैसला किया है।



### महिला पहलवानों के विरोध से बढ़ा विवाद

इस पूरे विवाद की जड़ में महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के गंभीर आरोप थे। 16 जनवरी 2023: ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य महिला पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरना दिया। अप्रैल 2023: जब सरकार से ठोस कार्रवाई की उम्मीद नहीं दिखी, तो पहलवानों ने दोबारा प्रदर्शन किया। 21 अप्रैल 2023: दिल्ली पुलिस को संबोधित 6 महिला पहलवानों ने बृजभूषण सिंह और महासंघ के सचिव विनोद तोमर के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराईं, जिसमें 8-9 साल से चले आ रहे यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे।

### 15 महीने बाद हटा प्रतिबंध

2023 में भारतीय कुश्ती महासंघ पर प्रतिबंध लगाया गया था, जब नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के गृह क्षेत्र में राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप आयोजित करने की घोषणा की थी। इस फैसले के तुरंत बाद 24 दिसंबर 2023 को खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया था।

### साक्षी ने लिया था संन्यास



22 दिसंबर 2023: बजरंग पूनिया ने महासंघ के चुनाव में संजय सिंह की जीत के विरोध में अपना पद्मश्री सम्मान वापस करने की घोषणा की। 21 दिसंबर 2023: साक्षी मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जूते मेज पर रखकर कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी।

### डब्ल्यूएफआई का फैसला खिलाड़ियों की जीत

भारतीय कुश्ती महासंघ से निलंबन हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का इस खेल संस्था के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज से पूर्व सांसद



बृजभूषण शरण सिंह ने स्वागत किया है। बृजभूषण ने कहा, "26 महीनों तक तमाम षड्यंत्र रचे गए, झूठे आरोप लगाए गए और भारतीय कुश्ती को ठप करने की कोशिशें हुईं लेकिन साजिश करने वाले अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। इस विवाद के चलते टीम दो विश्व रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकीं। प्रशिक्षण शिविर बंद हो गए और कुश्ती जगत को भारी नुकसान उठाना पड़ा।' साथ ही उन्होंने अध्यक्ष संजय सिंह और अन्य पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे खिलाड़ियों के हित में निष्पक्ष निर्णय लें और किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचें।

### मुझे पूर्ण विश्वास था निलंबन हटेगा : संजय सिंह

वाराणसी में महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि निलंबन खत्म होने पर अब कुश्ती



सुचारू रूप से चलेगी। उन्होंने कहा मैं देश और पहलवानों के हित के लिए काम कर रहा था, इसलिए मुझे पूर्ण विश्वास था कि कुश्ती संघ से निलंबन हटेगा। कुश्ती के खिलाड़ियों का ढाई साल से शिविर नहीं लग रहा था। निलंबन हटने के बाद खिलाड़ी शिविर में नई-नई तकनीक सीखेंगे।

### न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया



**लंदन :** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया है। वह टीम के दूसरे काउंटी चैंपियनशिप मैच से पहले इंग्लैंड पहुंचेंगे, जो हेडिंग्ले में वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ खेला जाएगा। 27 वर्षीय सियर्स अपनी तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए अपने एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए थे, जिसमें दूसरी पारी में उन्होंने 4 विकेट के बदले 90 रन देकर प्रभावित किया था। उन्होंने 2021 में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। बेन सियर्स के साथ न्यूजीलैंड के एक अन्य तेज गेंदबाज विल ओह्मरूर्के भी यॉर्कशायर टीम में शामिल होंगे, जो इस साल के टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में खेलेंगे। वहीं, क्लब ने सियर्स की तुलना न्यूजीलैंड के पूर्व यॉर्कशायर खिलाड़ी लॉकी फर्ग्यूसन से भी की है। बेन सियर्स ने अपने चयन पर खुशी जताते हुए कहा,"मैं हेडिंग्ले पहुंचने और टीम के साथ खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। क्लब ने कुछ शानदार साइनिंग्स की हैं और मैं इसमें अपना योगदान देने के लिए तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा,"सीजन की अच्छी शुरूआत करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। हमारे शुरूआती चरण में कुछ बड़े मुकाबले हैं, और मैं टीम को बेहतरीन शुरूआत दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैक्ग्रा ने कहा,"बेन एक शानदार प्रतिभा हैं, जो अपनी गेंदबाजी में अतिरिक्त उछाल ला सकते हैं। सीजन की शुरूआत में जब पिचें हरी या धीमी हो सकती हैं, तब वह विरोधी टीम के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। मैं उनके आने और उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। वहीं, क्लब के जनरल मैनेजर गेविन हैमिल्टन ने कहा,"बेन जैसे प्रतिभाशाली गेंदबाज को क्लब में शामिल करना यह दशार्ता है कि यॉर्कशायर का आकर्षण दुनियाभर के खिलाड़ियों के लिए बना हुआ है। वह एक रोमांचक प्रतिभा हैं और इस सीजन में टीम के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। हम उन्हें अप्रैल में हेडिंग्ले में देखने के लिए उत्सुक हैं।

### पंजाब किंग्स के खिलाड़ी दोबारा धर्मशाला में करेंगे चार दिन का अभ्यास

**धर्मशाला :** पंजाब किंग्स की टीम इस बार आईपीएल के 18वें सीजन में अपना दमखम दिखाने के लिए तैयारी में कोई कसर नहीं रखना चाहती है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह पांच दिनों तक अपने होम ग्रांउड धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद अब एक बार फिर से पूरी टीम चार दिनों के अभ्यास कैंप के लिए धर्मशाला पंहुच रही है। इसके लिए पंजाब किंग्स की टीम बुधवार को धर्मशाला पहुंचेगी। जबकि अभ्यास सत्र में वीरवार से टीम भाग लेगी। इस बार पंजाब किंग्स की पूरी टीम तैयारियों को लेकर पसीना बहाएगी। इतना ही नहीं इस बार टीम के कोच रिकी पोंटिंग की अगुवाई में कैप्टन श्रैयस अय्यर भी अभ्यास सत्र में टीम के साथ जुड़ेंगे। श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे और धर्मशाला में अभ्यास सत्र के लिए बुधवार को नहीं पहुंच पाएंगे। हालांकि वीरवार को धर्मशाला पहुंचकर टीम के साथ जुड़ जाएंगे। इसके साथ ही चैंपियन ट्राफी में भारतीय स्कवायड का हिस्सा रहे अर्शदीप सिंह सहित अन्य खिलाड़ी युजवेंद्र चहल, ग्लेन मैक्सवेल, जोश इंगलिश, शशांक सिंह व अन्य खिलाड़ी बुधवार को धर्मशाला पहुंच जाएंगे।

### राजधानी दिल्ली में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री का भव्य आगाज

**नई दिल्ली :** राजधानी के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 की शानदार शुरूआत हुई। इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 20 देशों के 280 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं, जो अगले तीन दिनों में 98 प्रतिस्पधाओं में अपना कौशल दिखाएंगे। इन प्रतिभागियों में 195 पुरुष और 85 महिला एथलीट शामिल हैं, जो इसे वैश्विक पैरा एथलेटिक्स कैलेंडर की एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता बनाते हैं।

### लावण्या ने हीरो डब्ल्यूपीजीटी के छठे चरण में बढ़त बनाई

**गुरुग्राम :** डेब्यू सीजन खेल रही लावण्या जादोन ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण के पहले राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-अंडर 70 का स्कोर किया और एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब के गैरी प्लेयर डिजाइन कोर्स पर खेले जा रहे इस टूनामेंट में लावण्या ने पांच बर्डी और तीन बोगी खेलीं। हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहीं स्नेहा सिंह ने शानदार शुरूआत की थी और वह 13 होल के बाद 4-अंडर पर थीं। हालांकि, 14वें से 17वें होल तक लगातार चार बोगी करने के कारण उनका स्कोर गिर गया। 18वें होल पर बर्डी लगाने से उन्होंने 1-अंडर 71 का स्कोर किया और वह अन्वी दहिया के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं।

### टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ : ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा डे-नाइट टेस्ट

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुरुष टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पिंक गेंद से एकमात्र डे-नाइट टेस्ट मैच खेले जाने की घोषणा की है। यह मैच 11-15 मार्च तक खेला जाएगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1877 में इसी मैदान पर पहला टेस्ट मैच खेला गया था और 2027 में इसकी 150वीं वर्षगांव होगी।सीए ने कहा है कि यह मैच 1877 के पहले और 1977 में 100वीं वर्षगांठ पर खेले गए मैचों से अलग होगा, क्योंकि वो दोनों ही दिन में लाल गेंद से खेले गए थे और दोनों में ही ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीत दर्ज की थी। सीए ने कहा कि यह एमसीजी में पहला डे-नाइट पुरुष टेस्ट मैच होगा। इससे दर्शकों की उपस्थिति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### टॉप-10 बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में भारतीय पुरुष नहीं

**नई दिल्ली।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की मशहूर पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग के अनुसार पांच-पांच पायदान नीचे खिसक गई है जिससे विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग में भारतीय पुरुष खिलाड़ियों का कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं है। दुनिया के पूर्व छठे नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य इस सत्र में लगातार खराब



प्रदर्शन के बाद 15वें स्थान पर खिसक गए हैं। रैंकिंग में पूर्व नंबर एक सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी पिछले सप्ताह सातवें से 12वें स्थान पर खिसक गई है। एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी नवंबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हुई है।

**महिलाओं ने भी नहीं दिखाया दमखम**

महिला एकल में दो ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी एक स्थान नीचे खिसक गईं और अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज हैं। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने भारत को शीर्ष 10 में शामिल रखा। यह जोड़ी विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर बनी हुई है। मिश्रित युगल में तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 19वीं हासिल की।

# राहुल ने ठुकराई डीसी की कप्तानी अक्षर पटेल को मिल सकती है कमान

मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है। आगामी सीजन में दिल्ली कैपिटल्स अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को करेगी। हालांकि, टीम ने अब तक कप्तान की नियुक्ति नहीं की है। इस बीच खबर है कि केएल राहुल ने दिल्ली की कप्तानी को ठुकरा दिया है।

ऐसे में टीम के प्रमुख ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। ऐसी खबर है कि राहुल ने कप्तानी संभालने के बजाय खिलाड़ी के तौर पर योगदान देना बेहतर समझा। डीसी की टीम से जुड़े सूत्रों ने मंगलवार को कहा, अक्षर पटेल को आईपीएल 2025 के लिए



डीसी का कप्तान बनाए जाने की संभावना है। फ्रेंचाइजी ने राहुल को टीम का कप्तान बनाने के लिए कहा था, लेकिन वह आगामी टूर्नामेंट में खिलाड़ी के तौर पर खेलना चाहते हैं।

**अक्षर को दिल्ली ने किया था रिटेन**

आईपीएल 2024 में जब डीसी के कप्तान ऋषभ पंत को ओवर-रेट अपराध के लिए निलंबित किया गया था, तब अक्षर ने दिल्ली की कप्तानी की थी। वह अब आईपीएल 2025 के लिए पूर्णकालिक कप्तान के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं। वह 2019 से इसी फ्रैंचाइजी के साथ हैं और बड़ी नीलामी से पहले उन्हें 18 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर रिटेन किया गया था।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान की हुई किरकिरी

# टीम इंडिया के दिए जख्मों को कभी नहीं भूलेगा पाकिस्तान

नई दिल्ली

शुरू से ही विवादों में घिरी रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान की ऐसी किरकिरी हुई कि जिसे वह जिंदगी भर नहीं भुला पाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने एक बार फिर से अपना दबदबा साबित किया और पाकिस्तान से छीनकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।

दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया, जिससे पाकिस्तान के लिए तीन बड़े झटके सामने आए हैं जिनका दर्द शायद पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा।



### जले पर छिड़का नमक, छीना ताज़

पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन था, लेकिन अब यह खिताब उसके हाथ से निकल चुका है। पहले तो पाकिस्तान सेमीफाइनल तक भी पहुंचने में नाकाम रहा,और फिर भारत ने फाइनल जीतकर पाकिस्तान के जख्मों पर नमक छिड़का। 2017 में पाकिस्तान ने भारत को फाइनल में हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था, लेकिन अब भारत ने 2025 में पाकिस्तान से यह ताज छीन लिया है।

### भारत ने पाकिस्तान को हराया

भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में हमेशा रोमांचक मुकाबले होते हैं, लेकिन इस बार भारत ने पाकिस्तान को शानदार तरीके से हराया। पाकिस्तान की टीम को दुबई में 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत के कप्तान विराट कोहली ने शानदार शतक जमाया। टीम इंडिया ने पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान इस हार के बाद ही टूर्नामेंट से बाहर हो गया। पाक टीम की पाकिस्तान में भी खूब किरकिरी हुई।

### नहीं कर पाया फुल मेज़बानी

इस टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बीसीसीआई से एक और बड़ा झटका लगा। पाकिस्तान अपने ही घर पर चैंपियंस ट्रॉफी की मेज़बानी करने पर अड़ा हुआ था, लेकिन बीसीसीआई ने उसे झुकने पर मजबूर कर दिया। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ, जिसमें भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और अंत में चैंपियन भी बन गया।

### करोड़ों से तैयार स्टेडियम हुए बेकार

पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के लिए अपने दो स्टेडियमों में करोड़ों रुपये खर्च किए थे, लेकिन प्रदर्शन के नाम पर उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान का क्रिकेट बोर्ड और वहां के कुछ पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ भारतीय टीम का यह जवाब और भी कड़ा हो गया।

# तीन देशों में सरकार के प्रति फूटा आम लोगों का आक्रोश, सड़कों पर उतरी जनता

## बांग्लादेश: यूनुस सरकार के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन



ढाका

बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही घटनाओं के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में यूनुस सरकार के विरोध में महिलाएं सड़कों पर प्रदर्शन कर रही हैं। बांग्लादेश में महिलाएं बलात्कार के लिए न्याय, अपराधियों के लिए सख्त सजा और गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरीं। देश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। देश भर में चल रहे प्रदर्शन के बीच फिर से बच्चियों के साथ हुए अपराध की घटनाओं ने बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को उजागर किया है।

### जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग की

बांग्लादेश में लैंगिक हिंसा के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, छह और बच्चों के साथ बलात्कार की घटनाएं सामने आई हैं। छह जिलों में बलात्कार के आरोप में सोमवार को कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिन बच्चों का यौन उत्पीड़न किया गया, वे सभी छह से चौदह वर्ष की आयु के हैं। यौन उत्पीड़न की शिकार एक किशोरी ने स्थानीय मध्यस्थता बैठक के दौरान झूठा आरोप लगाए जाने और बदनाम किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रहे अपराध के खिलाफ अंतरिम सरकार के प्रति जनता में आक्रोश फैल गया है। गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग की और अंतरिम सरकार को देश भर में कानून और व्यवस्था की स्थिति को खराब करने के लिए जवाबदेह ठहराया।

## दक्षिण कोरिया : राष्ट्रपति यून को पद से हटाने की मांग




सिओल। दक्षिण कोरिया के विपक्षी दलों के कुछ सांसदों ने मंगलवार को भूख हड़ताल शुरू कर दी। इन्होंने राष्ट्रपति यून सूक योल को उनके पद से आधिकारिक रूप से हटाने के लिए संवैधानिक न्यायालय से फैसला सुनाए जाने की मांग की है। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी, रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी और प्रोग्रेसिव पार्टी सहित विपक्षी सांसदों के एक समूह ने भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उन्होंने अदालत से यून को तुरंत बर्खास्त करने का आग्रह किया जिन्हें शनिवार को रिहा कर दिया गया। सांसदों ने कहा कि यून सुक योल को वापस जेल जाना चाहिए। उन्होंने यून को रिहा करने वाले अभियोजक जनरल शिम वू-जंग के इस्तीफे की भी मांग की और कहा कि सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी को भंग कर दिया जाना चाहिए क्योंकि इसने यून के महाभियोग में बाधा डाली।

### यून के विरुद्ध महाभियोग और मुकदमे जारी रहेंगे

डीपी प्रतिनिधि पार्क होंग-बे, किम मून-सू और जीन जिन-सूक ने यून को पद से हटाने की मांग करते हुए नेशनल असेंबली की मुख्य इमारत के बाहर अपने सिर मुंडवा लिए। इससे पहले दिन में, डीपी और रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी ने अपनी रैलियों को जारी रखने के लिए सोल के ग्वांगह्वामुन में टेंट लगाए। ज्ञात हो, यून को 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के नाकाम प्रयास के माध्यम से विद्रोह भड़काने के आरोप में जनवरी में हिरासत में लिया गया था। उन्हें शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया क्योंकि अभियोजन पक्ष ने शुक्रवार के अदालत फैसले के खिलाफ अपील नहीं करने का निर्णय लिया। अदालत ने यून की हिरासत को अवैध बताया था। हालांकि यून के खिलाफ महाभियोग और आपराधिक मुकदमे जारी रहेंगे।

## इजराइल: नेतन्याहू 'प्राइम मिनिस्टर नहीं क्राइम मिनिस्टर'




येरूशलम। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ उनके ही देश में असंतोष चरम पर पहुंच गया है। एक सर्वे में करीब तीन चौथाई इजराइली नागरिकों का कहना है कि पीएम नेतन्याहू को 7 अक्टूबर, 2023 की घटनाओं की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार को जारी किए गए मासिक सर्वे के नतीजों के अनुसार लगभग 75 फीसदी इजराइलियों का मानना है कि नेतन्याहू को अब अपना पद छोड़ देना चाहिए। बता दें कि इजराइल में लंबे समय से लोग 'प्राइम मिनिस्टर नहीं क्राइम मिनिस्टर' नाम का पोस्टर हाथों में थाम नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां तक बात रही यहूदियों की तो 45% यहूदी उत्तरदाताओं का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

### नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए

59% अरबों का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। यह यहूदियों की तुलना में काफी ज्यादा है। ये सर्वे 25 से 28 फरवरी के बीच कराए गए थे। 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस बात पर अपनी सहमति जताई कि इजराइल को हमास के साथ युद्ध विराम/बंधक वापसी समझौते के दूसरे चरण में आगे बढ़ना चाहिए। इस समझौते में दुश्मनी की पूर्ण समाप्ति, गाजा से वापसी और सभी बंधकों की रिहाई के बदले में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है। गाजा पर समझौते से जुड़े सवाल के उत्तरदाताओं में नेतन्याहू की अपनी लिकुड पार्टी के 61.5% मतदाता शामिल थे। हालांकि समझौते को जारी रखने के लिए समर्थकों की संख्या अन्य गठबंधन दलों के मतदाताओं के बीच विरोधियों से ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट



नई दिल्ली। भारत की टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ मिलकर भारत में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने की घोषणा की है। 11 मार्च को जारी एक संयुक्त बयान में दोनों कंपनियों ने बताया कि यह समझौता भारत में स्टारलिंक की पहली पार्टनरशिप है। यह तभी लागू होगी जब स्पेसएक्स को भारत सरकार से स्टारलिंक सर्विस बेचने की परमिशन मिलेगी। भारती एयरटेल ने कहा कि उसने भारत में स्टारलिंक की सर्विस प्रदान करने के लिए एलन मस्क की कंपनी के साथ पार्टनरशिप की है।

### 'डार्क स्टॉर्म टीम' ने ली हमले की जिम्मेदारी



नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का सर्वर सोमवार (10 मार्च) को कई बार डाउन हुआ। यह समस्या भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा सहित दुनिया भर के कई देशों में महसूस की गई। इस पर एलन मस्क ने कहा कि एक्स पर साइबर हमला हुआ था। अब कुख्यात फिलिस्तीनी समर्थक है 'डार्क स्टॉर्म टीम' ने टेलीग्राम पर इस साइबर हमले की जिम्मेदारी ली है। उसने बताया कि उन्होंने डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस के जरिये एक्स को डाउन किया है।

## मॉरीशस पहुंचे पीएम मोदी, गर्मजोशी के साथ किया गया जोरदार स्वागत

# रक्षा से शिक्षा तक गहरे हैं भारत के रिश्ते दोनों देशों के बीच बढ़ेंगे 'व्यापारिक संबंध'

नई दिल्ली

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंच गए। यहां मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम समेत सभी मंत्री उनके स्वागत के लिए पहुंचे। पीएम ने एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सबसे पहले स्वागत के लिए जुटे प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। इस दौरान यहां रहने वाली महिलाओं ने बिहारी संगीत गाकर पीएम का स्वागत किया। पीएम की यह दूसरी यात्रा है, इससे पहले वे 2015 में भी मॉरीशस गए थे। पीएम मोदी आज 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनयिक संबंध हैं। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस का भारत के राष्ट्रपति महात्मा गांधी से जुड़ाव है। 1901 में, महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटते समय कुछ दिनों के लिए मॉरीशस में रुके थे।

इस दौरान उन्होंने भारतीय श्रमिकों को तीन महत्वपूर्ण संदेश -शिक्षा का महत्व, राजनीतिक सशक्तिकरण और भारत से जुड़े रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। गांधीजी के इन विचारों से प्रेरित होकर मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस 12 मार्च को मनाता है, जो संयोग से भारत में ऐतिहासिक डांडी मार्च की वर्षगांठ भी है।भारत ने मॉरीशस के साथ 1948 में ही राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे, जो उसकी स्वतंत्रता (1968) से भी पहले की बात है। दोनों देशों के बीच संबंध आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित हैं। समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाएं, तकनीकी सहायता, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में भारत ने मॉरीशस को निरंतर सहयोग दिया है।

भारत ने मॉरीशस के साथ 1948 में ही राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे, जो उसकी स्वतंत्रता (1968) से भी पहले की बात है। दोनों देशों के बीच संबंध आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित हैं। समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाएं, तकनीकी सहायता, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में भारत ने मॉरीशस को निरंतर सहयोग दिया है

**खास बातें**

- दक्षिण अफ्रीका से लौटते समय 12 मार्च को मॉरीशस रूके थे महात्मा गांधी
- 2000 से अब तक भारत में 175 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई



### मॉरीशस की परियोजनाओं में सहयोग

भारत ने मॉरीशस में कई विकास परियोजनाओं में सहायता की है। 2016 में भारत ने 353 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की, जिसके तहत मेट्रो एक्सप्रेस, सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग, नया इएनटी अस्पताल, सामाजिक आवास परियोजना और डिजिटल टैबलेट योजना जैसी परियोजनाएं शामिल थीं। इसके अलावा, 2017 में भारत ने 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया, जिससे 10 प्रमुख परियोजनाओं को वित्तपोषित किया गया, जिनमें से 7 पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

### भारत भेजता है वेनिला और चिकित्सा उपकरण

2023-24 में भारत से मॉरीशस को 778.03 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ। मॉरीशस से भारत को 73.10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात हुआ। भारत से मॉरीशस को मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, दवाइयां, अनाज, कपास और झींगा निर्यात किया जाता है, जबकि मॉरीशस से भारत को वेनिला, चिकित्सा उपकरण और रिफाइंड कॉपर जैसे उत्पाद मिलते हैं।

### मॉरीशस की कूटनीतिक अहमियत

*हिंद महासागर के जरिए सीधा जुड़ाव होने की वजह से भारत के लिए मॉरीशस की कूटनीतिक अहमियत काफी ज्यादा है। 2015 में जब पीएम मॉरीशस के पहले दौरे पर गए थे, तब दोनों देशों ने मॉरीशस के अगलेगा द्वीप पर परिवहन व्यवस्था बेहतर करने के लिए समझौता किया। दरअसल, यह द्वीप मॉरीशस के मेनलैंड से करीब 1100 किमी दूर स्थित है और भारत के भूमि क्षेत्र के करीब है। यह छोटा टापू करीब 70 वर्ग किलोमीटर के इलाके में फैला है और भारत की सुरक्षा के मद्देनजर अहम है। फरवरी 2024 में भारत और मॉरीशस ने इस द्वीप पर एक एयर स्ट्रिप और जेटी प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया था, जो कि क्षेत्र में भारत की रक्षा के लिहाज से बड़ा कदम साबित हुआ।*

## कठुआ में आतंकियों की साजिश

# बकरियां चराने गए 2 बच्चे लापता, अब तक 5 लोगों की मौत



जम्मू

जम्मू-कश्मीर में तीन लोगों के रहस्यमयी तरीके से लापता होने और बाद में मौत के राज से पर्दा उठा नहीं कि कठुआ जिले में अब दो लड़कों के लापता होने की खबर ने जोर पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार, ये बच्चे 27 फरवरी से लापता है। अधिकारियों ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि दो लड़के, दीन उर्फ दीनू (15) और उसका रिश्तेदार रहमत अली (12) 27 फरवरी को भंबरवान में अपने मवेशियों को चराने के बाद लापता हो गए थे।

### विधानसभा में गूंजा मुद्दा

*जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को क्षेत्र में हुई हत्याओं पर गरमागरम बहस हुई। सीएम उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में कहा कि इन मौतों के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। उन्होंने सोमवार को कहा कि क्या हुआ, कैसे हुआ और क्यों हुआ, यह जांच का विषय है जो चल रही है।*

### आतंकी षड्यंत्र से जोड़कर देख रहे

कठुआ तब चर्चा में आया जब 15 वर्षीय वरुण सिंह, उसके मामा योगेश सिंह (32) और मामा दर्शन सिंह (40) के शव शनिवार को जिले के सुदूर मल्हार इलाके के ईशू नाले में मिले। तीनों 5 मार्च को लापता हो गए थे। पिछले महीने कठुआ जिले के कोहाग गांव में दो अन्य लोगों शमशेर (37) और रोशन (45) के शव मिले थे, जिनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने का संकेत मिला था। ऐसे में इस पूरे मुद्दे को आतंकी षड्यंत्र के साथ भी जोड़कर देखा जा रहा है।

## भारत और आर्मेनिया के बीच हुए दो अहम समझौते

# दोनों देश दवाओं की गुणवत्ता को करेंगे सुनिश्चित, राजनयिकों को देंगे प्रशिक्षण

नई दिल्ली

भारत और आर्मेनिया ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए दो महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। ये समझौते आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारात मिर्जोयान की भारत यात्रा के दौरान हुए। पहला समझौता भारत के सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) और आर्मेनिया के सेंटर ऑफ ड्रग एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी एक्सपर्टाइज (सीडीएमटीई) के बीच हुआ। इससे दोनों देश दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सहयोग



करेंगे। दूसरा समझौता भारत के सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस और आर्मेनिया के विदेश मंत्रालय के डिप्लोमेटिक स्कूल के बीच हुआ। इस समझौते से दोनों देशों के राजनयिकों को प्रशिक्षण और अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा।

### वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर की चर्चा

दोनों नेताओं ने व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, संस्कृति और जन-जन संपर्क जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। डिजिटल टेक्नोलॉजी और दवा उद्योग में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार किया। बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई, भारत और आर्मेनिया के ऐतिहासिक संबंधों की सराहना की और दोनों देशों की बढ़ती मित्रता की प्रशंसा की।

## आधी रात को दहला रूस

# यूक्रेन का बड़ा हमला, 300 से ज्यादा ड्रोन बरसाए, 1 की मौत

मॉस्को

यूक्रेन ने बीती रात रूस को दनदनाते हमलों से दहला दिया। यूक्रेनी सेना ने तीन सालों में रूस पर सबसे बड़ा हमला किया है। मंगलवार को अधिकारियों ने बताया कि आधी रात मॉस्को को बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसने देश भर में 330 से ज्यादा ड्रोन मार गिराए हैं। रूस की रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन हमलों में ज्यादातर राजधानी को निशाना बनाया गया था।



### रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

इस बीच रूस ने भी इन हमलों का जवाब देते हुए यूक्रेन पर प्रहार किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने मंगलवार को बताया है कि रूस की तरफ से रात भर हमले किए गए हैं। सेना के मुताबिक इस दौरान रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल से भी हमला किया।

## यूएस ने अप्रैल 2025 के लिए वीजा बुलेटिन किया

# ग्रीन कार्ड के लिए करना होगा लंबा इंतजार ईबी-5 श्रेणी में वेटिंग दो साल से अधिक पीछे

नई दिल्ली

अमेरिका ने अप्रैल 2025 के लिए वीजा बुलेटिन जारी कर दिया है, जो भारतीय ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए बुरी खबर लाया है। यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विस (यूएससीआईएस) ने बताया कि भारतीयों ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए ईबी-5 वीजा श्रेणी दो साल से



ज्यादा 'रिट्रोग्रेश' यानी पीछे चली गई है। अब यह 1 नवंबर, 2019 की तारीख हो चुकी है। बढ़ती मांग और वीजा के इस्तेमाल को देरी की मुख्य वजह बताया गया है।

### अन्य श्रेणियों में भी देरी

ईबी-1 श्रेणी के तहत भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट 15 फरवरी, 2022 तक आगे बढ़ी है। एंप्लॉयमेंट बेस्ड वीजा की इस श्रेणी के तहत उन लोगों को ग्रीन कार्ड मिलता है, जिनके पास साइंस, आर्ट, एजुकेशन, बिजनेस, एथलेटिक्स में असाधारण प्रतिभा है। ईबी-2 श्रेणी के तहत भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट 1 जनवरी, 2013 तक आगे बढ़ी है।

### निवेश के जरिए ग्रीन कार्ड पाना भी मुश्किल

*ईबी-3 श्रेणी में भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट भारत 1 अप्रैल, 2013 तक आगे बढ़ी है। यूएस में काम करने गए भारतीय वर्कर्स को इस श्रेणी के तहत ग्रीन कार्ड मिलता है। ईबी-5 श्रेणी में फाइनल एक्शन डेट काफी ज्यादा पीछे चली गई हैं। भारत के लिए डेट 1 नवंबर, 2019 है। इस श्रेणी में उन लोगों को ग्रीन कार्ड दिया जाता है, जो निवेश के जरिए यूएस में ग्रीन कार्ड पाना चाहते हैं।*

## हैशड इमर्जेंट की ताजा रिपोर्ट 'इंडिया वेब3 लैंडस्केप' में खुलासा

# भारत 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनेगा

नई दिल्ली

भारत वेब3 स्पेस में तेजी से ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। इसके 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनने की उम्मीद है।

मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हैशड इमर्जेंट की ताजा रिपोर्ट 'इंडिया वेब3 लैंडस्केप' से पता चला है कि देश ने 2024 में सालाना आधार पर डेवलपर भागीदारी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिससे गिटहब में 4.7 मिलियन से अधिक डेवलपर जुड़े।

यह वैश्विक स्तर पर सभी नए वेब3 डेवलपर्स का 17 प्रतिशत है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो डेवलपर




बेस बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 45.3 प्रतिशत भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान देते हैं, 29.7 प्रतिशत बग्स को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और 22.4 प्रतिशत डॉक्यूमेंटेशन पर काम करते हैं। विकास के लोकप्रिय क्षेत्रों में गेमिंग, नॉन-फंजिबल टोकन (एनएफटी), विकेंद्रीकृत वित्त और रियल-वर्ल्ड एसेट शामिल हैं।

### 45.3% भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान दे रहे

### 2024 में भारतीय स्टार्टअप ने 564 मिलियन डॉलर जुटाए

### अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के लोग

भारत के वेब3 डेवलपर्स का एक बड़ा हिस्सा नए लोग हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक ने पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में प्रवेश किया है। उनमें से अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के हैं। हैकाथॉन एक ऐसा आयोजन है, जहां कंप्यूटर प्रोग्रामर मिलकर कुछ नया बनाने के लिए काम करते हैं। यह डेवलपर्स के लिए प्राथमिक प्रवेश द्वार बना हुआ है। वेब3 फर्म भुवनेश्वर, चेन्नई और केरल के विश्वविद्यालयों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं। हालांकि, वेब3 फर्म भुवनेश्वर, चेन्नई और केरल के विश्वविद्यालयों के साथ भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं ताकि छात्रों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से जल्द परिचित करवाया जा सके।

### फंडिंग में 109 प्रतिशत की वृद्धि


*भारत वेब3 स्टार्टअप संस्थापकों के मामले में भी वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। इस क्षेत्र में 1,200 से अधिक स्टार्टअप संचालित हैं। देश के वेब3 इकोसिस्टम में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है, जिससे 2023 की तुलना में फंडिंग में 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारतीय स्टार्टअप ने 564 मिलियन डॉलर जुटाए, जिससे इस क्षेत्र में कुल निवेश 3 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। रिपोर्ट में एआई, आरडब्ल्यूए और स्टेकिंग सॉल्यूशन को निवेश आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों के रूप में उजागर किया गया है। कई ग्लोबल वेंचर कैपिटल और घरेलू फर्म भारतीय वेब3 परियोजनाओं पर बड़ा दांव लगा रही हैं। इसके अतिरिक्त, लेयर 1 और लेयर 2 ब्लॉकचेन नेटवर्क से इकोसिस्टम फंड ने पर्याप्त निवेश किया है, जिससे ग्लोबल वेब3 लैंडस्केप में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है।*

## सऊदी अरब में रूस-यूक्रेन युद्ध विराम पर चर्चा

# अमेरिकी विदेश मंत्री मुस्कराए पर चुपचाप बैठे रहे यूक्रेनी अधिकारी


जेद्दा

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी युद्ध को खत्म करने के लिए यूक्रेन और अमेरिका के बीच बातचीत मंगलवार को सऊदी अरब के जेद्दा में शुरू हुई है। बातचीत के दौरान पत्रकार कुछ पल के लिए वार्ता कक्ष में दाखिल हुए। इस दौरान, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो कैमरे के सामने मुस्कराते हुए नजर आए, जबकि यूक्रेनी अधिकारी उनकी सामने वाली मेज पर चुपचाप बैठे रहे। उनके चेहरे पर कोई भाव नहीं था। सऊदी अरब के विदेश मंत्री भी वार्ता कक्ष में मौजूद थे।



### एक नया कूटनीतिक प्रयास: रूस

सऊदी अरब में यूक्रेन और अमेरिका के वार्ता 28 फरवरी को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की व्हाइट हाउस यात्रा के दौरान उत्पन्न विवाद के बाद युद्ध की समाप्ति के लिए एक नए कूटनीतिक प्रयास को दर्शाती है। उधर, क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति भवन) ने सार्वजनिक रूप से किसी रियायत की पेशकश नहीं की है।



# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।

## लाइफ Style



# अदा

## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी'में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी'का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्टी ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम'में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला




# रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

## टीवी मसाला

# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और



रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा

# *भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज*

## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

*नई दिल्ली।* बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।

***'गरम धरम' की मिली इमेज*** *: यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र*** *: छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला*



*दीवाना'में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*


***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा'*** *: फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना*** *: धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



*मुंबई। विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.